हिमाचल दस्तक TV

www.himachaldastak.com

# हिमाचल दस्तक

दिल से दिमाग तक

शिमला
वीरवार
26 मार्च, 2026

आरएनआई नं. HPHIN/2012/46361

कुल पृष्ठ 16+12+4 मूल्य ₹5.00 | वर्ष 14 अंक 190 | तदानुसार 13 चैत्र | विक्रमी संवत् 2083





CMYK


प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री
ठा. सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुकेश अग्निहोत्री
माननीय उप मुख्यमंत्री (हि.प्र.)
डॉ. धनी राम शांडिल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री
चौधरी चंद्र कुमार
कृषि एवं पशुपालन मंत्री
जगत सिंह नेगी
राजस्व बागवानी जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री
हर्षवर्धन चौहान
उद्योग, श्रम एवं रोजगार मंत्री
रोहित ठाकुर
शिक्षा मंत्री
विक्रमादित्य सिंह
लो.नि.वि., एवं शहरी विकास मंत्री
अनिरूद्ध सिंह
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री
राजेश धर्माणी
आवास, नगर नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री
ई. यादविंदर गोमा
आयुष, युवा सेवाएं खेल व कानून मंत्री

हिमाचल दस्तक TV
शिमला
वीरवार
26 मार्च, 2026

www.himachaldastak.com
# हिमाचल दस्तक
दिल से दिमाग तक

आरएनआई नं. HPHIN/2012/46361 | कुल पृष्ठ 16+12+4 | मूल्य ₹5.00 | वर्ष 14 अंक 190 | तदानुसार 13 चैत्र | विक्रमी संवत् 2083



आज के अंक के साथ

### बजट पर चर्चा के जवाब में सीएम ने विपक्ष को कई मुद्दों पर घेरा

# हिमकेयर योजना में 1100 करोड़ रुपये का हुआ दुरुपयोग: सुक्खू

खेमराज शर्मा ▮ शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बजट पर हुई चर्चा के जवाब में विपक्ष को कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना में पूर्व की सरकार में 1100 करोड़ रुपयों का दुरुपयोग हुआ है। हिमकेयर योजना को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा लगाए जा रहे आरोपों से नाराज होकर विपक्ष ने सदन से नारेबाजी करते हुए वॉकआउट किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पहले से ही जानते थे कि विपक्ष ने जाना ही है।

उन्होंने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि अस्पतालों में जो रोबोटिक सर्जरी की मशीनें लगाई जा रही हैं वे एम्स की तर्ज पर उसी रेट पर भारत की मान्यता प्राप्त कंपनी से ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हिमकेयर में हुए घोटाले की विजिलेंस जांच करवा रही है और इसकी रिपोर्ट को सदन में सबके सामने रखा जाएगा। सीएम ने कहा कि एक मेडिकल कॉलेज में 100 करोड़ का घपला हुआ है। विजिलेंस को इसकी इन्क्वायरी के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज तो बना दिया तो उसमें एमआरआई जैसी सुविधाएं नहीं दीं।

उन्होंने कहा कि अस्पताल के बाहर ही निजी क्लीनिक में 3 से 5 हजार रुपये में एमआरआई हो रहे हैं। हमने मेडिकल कॉलेजों में चार एमआरआई के टेंडर जारी कर दिए हैं जल्द ही स्थापित हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने हिमकेयर योजना से 2017 से 2022 तक करीब 972 करोड़ और हमारी सरकार ने 442 करोड़ का उपचार करवाया है।

उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार हिमकेयर योजना की जगह नई इंश्योरेंस कार्ड योजना लेकर आएगी जिसमें कार्ड देकर मरीजों का उपचार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने निःशुल्क उपचार के मापदंड को बदला है। पहले जहां हिमकेयर का पैसा आरकेएस में जाता था उसका कोई ऑडिट नहीं होता था। अब सरकार ने इसे ऑडिट के दायरे में लाया है। राज्य सरकार ने प्राइवेट अस्पतालों से हिमकेयर की इम्पेलनमेंट को वापस लेकर सरकारी अस्पतालों को जोड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में प्रदेश की संपदा लुटाने नहीं आई है। लोगों के हित्त के लिए प्रदेश की संपदा को इस्तेमाल में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपनी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में लोगों को स्वस्थ्य पेजयल मुहैया करवाने के लिए विश्व स्तरीय टैक्नोलॉजी को अपना रही है इसके लिए बजट में 2 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अदरक के बाद अब लहसुन और गुन्नू चाय को एमएसपी में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जनूनी है और आज का सोच कर निर्णय लेते हैं।

- बोले- विजिलेंस कर रही जांच, सदन में रखी जाएगी इसकी रिपोर्ट
- मुख्यमंत्री के तीखे हमले से गरमाया सदन, भाजपा का वॉकआउट



#### आर्थिक इमरजेंसी के आरोपों को किया खारिज

**सीएम** सुक्खू ने भरोसा दिलाया कि अगले बजट तक मेडिकल कॉलेजों और शिक्षा क्षेत्र केअधिकांश खाली पद भर दिए जाएंगे। विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आर्थिक इमरजेंसी के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में नौकरियां निकल रही हैं और कर्मचारियों को समय पर वेतन-पेंशन मिल रही है, तो इमरजेंसी कहां है।

#### हमने अब तक 28,340 करोड़ का ऋण वापस किया

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि साल 2018 से 2023 तक भाजपा ने 45 हजार 251 करोड़ का लोन लिया, 38 हजार 723 करोड़ का लोन चुकता किया। हमारी सरकार ने 2023 से अबतक 37 हजार करोड़ का लोन लिया है, जबकि 28 हजार 340 करोड़ का लोन वापस किया है।

#### एक परिवार में दो मीटरों पर मिलेगी सब्सिडी

**मुख्यमंत्री** ने सदन में एलान किया कि प्रदेश में 22 लाख परिवारों को अब दो मीटरों पर सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने बोर्ड की सब्सिडी को 2200 से घटाकर 1200 करोड़ किए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि राजस्व कर से सरकार को हर साल 1800 करोड़ रुपये की आय होगी। मामला अभी कोर्ट में है। राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई औद्योगिक नीति लाएगी और उद्योगों को मार्केट रेट पर प्लॉट उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# हिमाचल में एक पैसे प्रति यूनिट सस्ती हुई बिजली

- सभी श्रेणियों को दी नियामक आयोग ने हल्की सी राहत
- बिजली बोर्ड को खर्चों के लिए मिलेंगे 8636.16 करोड़ रुपये
- घरेलू उपभोक्ताओं को 126 यूनिट से ऊपर लगेगी 5 रुपये 89 पैसे प्रति यूनिट

शकील कुरैशी ▮ शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में अगले वित्त वर्ष में बिजली के नए दाम तय हो गए हैं। विद्युत नियामक आयोग ने प्रदेश में सभी कैटेगरी के लिए एक पैसे प्रति यूनिट बिजली का रेट कम किया है। इसमें हल्की सी राहत दी गई है। नियामक आयोग ने बुधवार को नया टैरिफ प्लान जारी कर दिया है। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी जिसके बाद 126 यूनिट से उपभोक्ताओं को 5 रुपये 89 पैसे प्रति यूनिट बिजली का रेट लगेगा। पहले यह रेट प्रति यूनिट 5 रुपये 90 पैसे था। नई दरें पहली अप्रैल से प्रदेशभर में लागू हो जाएंगी। आयोग द्वारा जारी आदेश में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2026-27 हेतु 8636.16 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी जो पिछले वर्ष 8403.25 करोड़ रुपये थी।

हालांकि बिजली आपूर्ति की औसत लागत घटकर 6.75 रुपये प्रति यूनिट रह गई है जो पिछले साल 6.76 रुपये थी। इसमें एक पैसे की कटौती हुई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं पर द्वि-भागीय टैरिफ लागू होता है उनके लिए ऊर्जा शुल्क केवीएएच के आधार पर लिया जाएगा। नई दरों के लागू होने से विभिन्न उपभोक्ता वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा हालांकि कुल मिलाकर मामूली राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

#### इन श्रेणियों के लिए इतना टैरिफ

**नए** टैरिफ में घरेलू उपभोक्ताओं में से लाइफ लाइन कंज्यूमर 0 से 60 यूनिट तक 4 रुपये 71 पैसे प्रति यूनिट का टैरिफ लगेगा। अन्य घरेलू उपभोक्ताओं को 0 से 125 यूनिट तक 5 रुपये 44 पैसे प्रति यूनिट टैरिफ है मगर सरकार इन दोनों वर्गों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सब्सिडी प्रदान कर रही है। 126 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च करने पर 5 रुपये 89 पैसे प्रति यूनिट दर तय की गई है। इसी तरह से एग्रीकल्चर उपभोक्ताओं के लिए 0 से 20 केवीए बिजली खर्च पर 5 रुपये 03 पैसे तथा नॉन डोमेस्टिक नॉन कमर्शियल उपभोक्ताओं पर 20 केवीए खर्च तक 6 रुपये 37 पैसे बिजली का टैरिफ लगेगा। इसी तरह से व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए 0.20 केवीए भार पर बिजली दर 6.11 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई है जबकि 20 से 100 केवीए तक 6.39 रुपये और 100 केवीए से अधिक भार पर 6.30 रुपये प्रति यूनिट दर तय की गई है। लघु उद्योगों के लिए 0.20 केवीए पर 5.71 रुपये, अन्य श्रेणियों में लगभग 5.60 से 6.20 रुपये प्रति यूनिट तक दरें निर्धारित की गई हैं। मध्यम उद्योगों के लिए 50.100 केवीए श्रेणी में 5.60 रुपये प्रति यूनिट दर लागू होगी जबकि बड़े उद्योगों के लिए 220 केवी पर 5.45 रुपये, 132 केवी पर 5.50 रुपये और 66 केवी व उससे ऊपर 5.55 रुपये प्रति यूनिट दर तय की गई है। सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति के लिए एचटी लाइन पर 6.41 रुपये, ईएचटी लाइन पर 6.01 रुपये और अति उच्च दाब में 5.61 रुपये प्रति यूनिट दर रखी गई है। वहीं थोक आपूर्ति के लिए निम्न दाब पर 6.17 रुपये, उच्च दाब पर 5.47 रुपये और अति उच्च दाब पर 5.67 रुपये प्रति यूनिट दर तय की गई है।

#### स्ट्रीट लाइटिंग के लिए 6.36 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित

**स्ट्रीट** लाइटिंग के लिए 6.36 रुपये प्रति यूनिट दर निर्धारित की गई है। अस्थायी आपूर्ति के लिए 0.20 केवीए पर 8.29 रुपये प्रति यूनिट दर लागू होगी जबकि रेलवे के लिए 20.200 केवीए श्रेणी में 7.67 रुपये प्रति यूनिट दर तय की गई है। विद्युत वाहन चार्जिंग के लिए दरें 6.29 से 6.78 रुपये प्रति यूनिट के बीच निर्धारित की गई हैं।




CMYK








# पौधरोपण से 80 प्रतिशत महिला और युवक मंडलों को गांव में मिलेगा रोजगार

प्रतिमा चौहान ▮ शिमला

- सुक्खू बोले- अपने गांव के नजदीक पैसे कमा सकेंगे युवा व महिलाएं
- केंद्र को हर साल राज्य के जंगलों से 90 हजार करोड़ की मिल रही सर्विस

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में राजीव गांधी वन संपदा संवर्धन योजना से हर गांव में महिलाओं व युवकों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 80 फीसदी महिलाओं और युवक मंडलों को पौधरोपण का जिम्मा सौंपा जाएगा। इसके तहत उन्हें एक लाख तक की राशि भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने केवल सिंह पठानिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हिमाचल अपने जंगलों को लेकर केंद्र से लंबे समय से लड़ाई लड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के जंगलों का 70 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार के पास है, जबकि हिमाचल के पास 29 फीसदी है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस सरकार 29 से 32 फीसदी फॉरेस्ट एरिया हिमाचल के नाम 2030 तक करेगी। सीएम ने कहा कि हर साल केंद्र को हिमाचल के जंगलों से 90 हजार करोड़ की सर्विस मिल रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हम जंगल बचा रहे हैं तो दूसरी तरफ हमारे अधिकार कम हैं। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला व युवक मंडलों को प्रति हेक्टेयर 1 लाख 30 हजार का बजट दिया जा रहा है। वहीं 50 फीसदी पौधे सुरक्षित रखने पर 50 हजार और छह साल तक 80 हजार देने का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक सरल रास्ता है अपने गांव के नजदीक महिलाएं व युवा पैसे कमा सकते हैं। सुखराम चौधरी के अनुपूरक सवाल के जवाब में सीएम ने यह भी कहा कि अगर प्रदेश के जंगलों में कोई इंडस्ट्री पौधरोपण करना चाहती है, तो सरकार इसका भी स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि अगर इंडस्ट्री जंगलों में पौधों की सुरक्षा के लिए गार्ड व दूसरे स्टाफ की नियुक्ति करती है, तो उन्हें राजीव गांधी संवर्धन योजना के तहत पौधरोपण के लिए जंगल दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 2024-25 में वनों के बचाव के लिए 8 करोड़ 86 लाख 41 हजार 022 व पौधरोपण पर 53 करोड़ 04 लाख 69 हजार 728 की धनराशि व्यय की गई तथा वर्ष 2025-26 तक वनों के बचाव के लिए 6 करोड़ 82 लाख 166 व पौधरोपण पर 26 करोड़ 73 लाख 09 हजार 590 की धनराशि व्यय की गई। सीएम सुक्खू ने जानकारी दी कि वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी, 2026 तक प्रदेश में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के अंतर्गत 285 महिला मंडलों, 70 युवक मंडलों,13 सामुदायिक समूह व 59 अन्य स्वयं सहायता समूहों ने 878 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया गया तथा इस पर 13,22,45,004 रुपये व्यय हुए।

### 60 फीसदी लगेंगे फलदार पौधे

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी वन संपदा संवर्धन योजना के तहत 60 प्रतिशत फलदार पौधे वनों में लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी मंडल ग्रामीण क्षेत्रों से पौधरोपण के लिए आएगा, उन्हें अनुमति दी जाएगी।

### नर्सरी के लिए बनेगी एसओपी

**नीरज** नैय्यर के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधों की नर्सरी में मेंटेनेंस का काम समय पर हो, इसके लिए एसओपी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बाकि पौधरोपण से जुड़ी सारी लायबिलिटी अगले वित्त वर्ष में दे दी जाएगी।

### अटल स्कूलों को खोलेगी कांग्रेस सरकार

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में अटल आदर्श विद्यालय बंद नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले हैं जोकि दिन को चलेंगे और शाम को बच्चे अपने घर जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जुबानी हमला बोला। सीएम ने साफ किया कि पूर्व सरकार की किसी भी योजना को कांग्रेस सरकार बंद नहीं करेगी।

### ओडीआई सूची में शामिल नहीं युद्धवीर का नाम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में एक लिखित स्पष्टीकरण देते हुए बताया कि संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची में गलती से युद्धवीर सिंह ठाकुर का नाम जुड़ गया है। सदन में सीएम की अनुपस्थिति में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि ऐसे कर्मचारियों की सूची व इनके सेवाविस्तार से जुड़े सवाल में युद्धवीर सिंह ठाकुर का नाम गलती से जुड़ गया है। वह ओएसडी हैं। यह गलती अन्य समान प्रश्नों के साथ उत्तर तैयार करते हुए हो गई है। अभिलेखों की जांच के बाद सही स्थिति स्पष्ट हो गई है। सही जानकारी इस वक्तव्य के माध्यम से सदन के रिकॉर्ड में रखी जा रही है।

# आम आदमी से जुड़ा और समावेशी है बजट : कमलेश

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला



- देहरा की विधायक की सदन में पहली बार गूंजी आवाज

**देहरा** की विधायक एवं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर की आवाज बुधवार को विधानसभा में पहली बार गूंजी। उन्होंने बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए 2026-27 के बजट को संतुलित बताया। करीब 18 मिनट 33 सेकंड के अपने भाषण में उन्होंने सरकार के बजट को आम आदमी से जुड़ा और समावेशी बताया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में विपक्ष पर निशाना भी साधा।

कमलेश ठाकुर ने कहा कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर मैंने समझा कि सदन में पहली बार अपनी बात रखूं। यह बजट विपरीत परिस्थितियों के बावजूद समाज के हर वर्ग महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और बेरोजगार युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने 300 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का समर्थन करते हुए कहा कि इससे न केवल घरेलू महिलाओं बल्कि पशुपालकों, किसानों और स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं जैसे ब्यूटी पार्लर संचालकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### आज वेंटिलेटर पर हैं '3 बहनें'

**कलमेश** ठाकुर ने कहा कि आज 3 बहनें वेंटिलेटर पर हैं, एलपीजी, मनरेगा और आरडीजी। गैस आपूर्ति की स्थिति पर चिंता जताते हुए कमलेश ने कहा कि हालात ऐसे हैं कि हॉलिडे होम और यहां तक कि विधानसभा में भी चूल्हे पर खाना बनाने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने सीबीएसई स्कूलों पर कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों को बेहतर अवसर देने के लिए बदलाव जरूरी है। विधानसभा क्षेत्र देहरा में विद्यार्थियों की कमी के कारण कॉलेज बंद होने की स्थिति पर उन्होंने चिंता जताई।

## बजट पर चर्चा

### बजट में 3586 करोड़ रुपये की कटौती : बिक्रम ठाकुर



**विधायक** बिक्रम सिंह ठाकुर ने बजट चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि बजट में 3586 करोड़ रुपये की कटौती की गई है। उन्होंने कहा कि बजट का आकार सिकुड़ता जा रहा है और मुख्यमंत्री व्यवस्था परिवर्तन कह रहे हैं। विधायक ने कहा कि बजट का छोटा आकार करना मजबूरी है। उन्होंने कहा कि बिना उधार के अब कुछ नहीं चल सकता। बजट में करीब से बाहर निकालने के लिए सरकार की क्या योजना है कुछ नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए गारंटियों के नाम पर प्रदेश की जनता को ठगा है। विधायक बिक्रम सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में हिमाचल की पहली सरकार है जो की तनख्वाह कम कर रही है।

### कोई बजट परफेक्ट नहीं हो सकता : अनिल शर्मा



**विधायक** अनिल शर्मा ने कहा कि कोई बजट परफेक्ट नहीं हो सकता, विपक्ष कमियों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कौन सा ऐसा राज्य है, जिसे आरडीजी मिल रही है और केवल हिमाचल को अछूता छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कैसे विकास की दृष्टि से आगे ले जाएं और प्रदेश की आय के क्या-क्या साधन हैं तथा कैसे उन्हें बढ़ाया जाए, उस पर विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस बार बजट आकर भी कम हुआ। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही कुछ विधानसभा तक केंद्रित हो जाना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने विकास में भेदभाव नहीं किया। वे प्रदेश को हिस्सों में नहीं बांटते थे। उन्होंने बजट को दिशाहीन बताया।

### सोच-समझकर ही आरडीजी का प्रावधान किया गया था : अनुराधा



**विधायक** अनुराधा राणा ने चर्चा में भाग लेते हुए आरडीजी बंद करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सोच समझ कर ही आरडीजी का प्रावधान किया गया था। उन्होंने इसे बंद किए जाने पर कई सवाल खडे किए और प्रदेश के साथ भेदभाव करार दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ देने की बात कही, लेकिन यह पैसा अभी भी नहीं मिला है। विधायक ने कहा कि एक तरह से प्रदेश को टार्गेट किया जा रहा। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। विधायक ने कहा कि पहले उनके विधानसभा क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड के लिए लोगों को दूसरे जिलों के लिए जाना पड़ता था लेकिन यह सुविधा अब वहीं मिल रही है। उन्होंने कहा विधायक निधि में कटौती न हो।

## अनुबंध कर्मचारियों ने साल में 2 बार नियमितीकरण की घोषणा के लिए सीएम सुक्खू का धन्यवाद किया




**शिमला।** अनुबंध कर्मचारी का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विधानसभा में मिला, जिसमें उन्होंने सीएम का बजट में साल में 2 बार नियमितीकरण की मांग पूरा करने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर अनुबंध कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 हजार रुपये का अंशदान भी किया गया।

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने की श्रेष्ठ विधायक संसदीय पुरस्कार की घोषणा

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

- महिला विधायकों की सक्रिय भागीदारी व प्रदर्शन की सराहना की

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान महिला विधायकों की सक्रिय भागीदारी और उच्च स्तर की बहस की सराहना करते हुए श्रेष्ठ विधायक संसदीय पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की।

सदन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि वह विशेष रूप से पहली बार निर्वाचित विधायकों, जिनमें अनुराधा राणा और कमलेश ठाकुर शामिल हैं, के प्रदर्शन से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि इन विधायकों ने जिस स्तर की बहस, अभिव्यक्ति और सदन की कार्यवाही में भागीदारी दिखाई है, वह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का प्रतीक है। पठानिया ने बताया कि प्रस्तावित पुरस्कार के लिए बहस की गुणवत्ता, चर्चाओं में भागीदारी और सदन में उपस्थिति जैसे प्रमुख मानकों को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विधायकों को संसदीय कार्यवाही में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने पूर्व उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेता मुकेश अग्निहोत्री और आशा कुमारी को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्रभावी बहस और नियमित उपस्थिति के लिए पहले सम्मानित किया जा चुका है। अध्यक्ष ने आगे बताया कि इस पुरस्कार के चयन के लिए विधानसभा सत्रों के दौरान तैयार की जाने वाली विस्तृत प्रदर्शन रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह की पहल से सभी दलों के विधायकों को अधिक सार्थक योगदान देने और सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष पठानिया से मुलाकात की

**शिमला।** बजट सत्र चरण-2 के सातवें दिन की कार्यवाही आरंभ होने से पूर्व नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी घंडल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विधि विभाग तथा ऑकलैंड हाउस स्कूल लक्कड़ बाजार शिमला के 150 छात्र-छात्राओं ने बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही देखने से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से सदन की कार्यवाही, विधान सभा की कार्यप्रणाली स्पीकर की सदन में भूमिका, विधानसभा का गठन, मंत्रिपरिषद के गठन संबंधी कई प्रश्न पूछे जिसका उन्होंने सिलसिलेवार जवाब भी दिया। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी संसदीय व्यवस्था संघीय ढांचे पर आधारित है जो केंद्र व राज्य के रूप में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर व्यवस्था के अनुरूप बनती है। संवाद के दौरान मीडिया से बातचीत में पठानिया ने कहा कि जिस तरह से आज के युवा एवं छात्र सदन की कार्यवाही देखने आ रहे हैं और इस तरफ आकर्षित हो रहे हैं यह मजबूत लोकतंत्र का सबब है तथा भविष्य उज्ज्वल है। पठानिया ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा सभी को सदन की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया।



# प्रमुख एवं मध्यम सिंचाई गणना को पूरा करने पर हिमाचल को सम्मान

## नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने सचिव डॉ. अभिषेक जैन को प्रदान किया पुरस्कार

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

- मुख्य सचिव संजय गुप्ता व जल शक्ति विभाग के सचिव डॉ. जैन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को भेंट किया पुरस्कार



**केंद्र** सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के जल शक्ति विभाग को सिंचाई गणना 2023-25 के अंतर्गत पहली बार प्रमुख एवं मध्यम सिंचाई (एमएमआई) गणना सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सचिव जल शक्ति विभाग डॉ. अभिषेक जैन को प्रदान किया। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति सचिव वीएल कंथा राव भी उपस्थिति रहे।

मुख्य सचिव संजय गुप्ता और सचिव जल शक्ति डॉ. अभिषेक जैन ने बुधवार को शिमला में यह पुरस्कार औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने में सिंचाई परियोजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयासरत है। सरकार के प्रयासों की झलक वर्ष 2026 -27 के बजट में प्रदर्शित हो रही है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की डाटा आधारित योजनाए बेहतर शासन और सिंचाई क्षेत्र को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एमएमआई गणना का उद्देश्य सिंचाई से संबंधित आंकड़ों का एक व्यापक राष्ट्रीय डाटा बेस तैयार करना हैं। इसके अंतर्गत जिन सिंचाई परियोजनाओं का सिंचित कमांड क्षेत्र सीसीए 10000 हेक्टेयर से अधिक होता हैं। उन्हें प्रमुख परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जबकि 2000 से 10,000 हेक्टेयर की परियोजनाओं को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। हिमाचल प्रदेश में इस गणना के अनुसार कुल 10 प्रमुख एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाएं शामिल की गई है जिनमें एक प्रमुख और 9 मध्यम परियोजनाएं है। इनमें से 8 परियोजनाएं एक प्रमुख और सात मध्यम पूरी हो चुकी हैं, जबकि 2 मध्यम परियोजनाएं अभी निर्माणाधीन हैं। इस गणना के दौरान 32 विभिन्न मानकों पर विस्तृत डाटा संग्रह किया गया है जिसमें सीसीए ग्रॉस कमांड एरिया सिंचाई क्षमता क्रॉप पैटर्न लाभान्वित जनसंख्या डिजाइन विशेषताएं विभिन्न क्षेत्रों में जल उपयोग तथा कमांड एरिया डेवेलपमेंट (सीएडी) कार्य शामिल हैं। विभाग ने यह पूरा कार्य अक्तूबर 2025 तक निर्धारित समयसीमा दिसंबर 2025 से पहले ही पूरा कर लिया जो उत्कृष्ट समन्वय और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रमुख परियोजना का उपयोग पूरी तरह से सिंचाई के लिए किया जाता है जबकि नौ में से सात मध्यम परियोजनाएं भी सिंचाई के उद्देश्य की पूर्ति कर रही है। सिंचाई परियोजनाओं के उपयोग स्तर में सुधार की संभावना है। प्रमुख परियोजना में सृजित क्षमता का लगभग 64 प्रतिशत उपयोग हो रहा है, जबकि मध्यम परियोजनाओं में यह लगभग 84 प्रतिशत हैं।

## स्कूल-कॉलेजों में लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

**शिमला।** प्रदेश के स्कूल-कॉलेजों में अब पूरी तरह से ऑनलाइन हाजिरी लगेगी। सरकारी कॉलेजों में शिक्षण और गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए जियोफेस-आधारित बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली को पूरी तरह लागू करने के आदेश निदेशालय ने जारी किए हैं। उच्च शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट किया है कि अब सभी कर्मचारियों की उपस्थिति हिम उपस्थिति मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज करना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों के पंजीकरण को आसान बनाने के लिए हिम एक्सेस पोर्टल पर व्यवस्था की गई है, साथ ही हर कॉलेज के लिए डीडीओ अकाउंट भी बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए निदेशालय ने कहा है कि सभी कर्मचारियों की उपस्थिति आधार-सक्षम बायोमीट्रिक प्रणाली से दर्ज करना अब अनिवार्य है। आदेशों की अवहेलना पर संबंधित संस्थानों की जिम्मेदारी तय की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री का हिमाचल दौरा जल्द, हर विषय पर हुई विस्तृत चर्चा : जयराम

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला



**दिल्ली** दौरे से लौटते ही नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखे प्रहार किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के समक्ष प्रदेश के गंभीर आर्थिक संकट का विस्तार से ब्योरा रखा गया है और केंद्र से आवश्यक सहयोग का आग्रह भी किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जल्द ही हिमाचल दौरा प्रस्तावित है, जो प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री से हर विषय पर लंबी और विस्तृत चर्चा हुई है, जिसके परिणाम आप जल्द देखेंगे। विधानसभा परिसर में जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश की बिगड़ती वित्तीय स्थिति के लिए पूरी तरह से सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं, जिसके कारण राज्य की अर्थव्यवस्था लगातार रसातल में जा रही है। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र पर पैसा रोकने के लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने तंज कसा कि प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात है और यदि मुख्यमंत्री भी सही ढंग से समय मांगें, तो उन्हें भी केंद्र के साथ संवाद का अवसर मिल सकता है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि हमें अपने नेताओं से मिलने के लिए कांग्रेस की तरह परमिशन लेने की जरूरत नहीं हैं। हिमाचल में हाल ही राहुल व प्रियंका गांधी भी आए हैं। उन्होंने किसी को अपने पास फटकने की भी इजाजत नहीं दी। पहले भी यह नेता सैलानी की तरह आते रहे लेकिन एक बार भी उन्होंने हिमाचल के इन कांग्रेस नेताओं को मिलने की इजाजत तक नहीं दी। भाजपा और कांग्रेस की कार्यशैली में अंतर स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का स्वभाव कांग्रेस आलाकमान के नेताओं जैसा नहीं है, जो शिमला आकर केवल आराम करते हैं।

# आर्यन चौहान पर हमला करने के मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

हिमाचल दस्तक ▮ शिमला

- पिछले 3-4 महीनों से बना रहे थे वारदात को अंजाम देने की योजना
- तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस


**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान के बेटे आर्यन पर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में 42 वर्षीय राजेंद्र कुमार उर्फ राजू निवासी गांव कुमाहली व 36 वर्षीय मनमोहन चौहान उर्फ अनु निवासी गांव मैना जिला शामिल हैं। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ये दोनों आरोपी घटना स्थल पर एक ही स्थान पर मौजूद पाए गए।

पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि उक्त आरोपी पिछले 3-4 महीनों से इस वारदात की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम ने राजेंद्र कुमार को मशोबरा के समीप और मनमोहन चौहान को ठियोग में ट्रक यूनियन के पास से गिरफ्तार किया है। इन दोनों आरोपियों का खुलासा पहले गिरफ्तार हो चुके मनीष वर्मा उर्फ मोनू से पुलिस पूछताछ के दौरान हुआ है। अब इस मामले में कुल 5 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। उक्त सभी आरोपी घटना के समय एक ही वाहन में सवार थे। पहले गिरफ्तार आरोपी चरणजीत सिंह, ताशी छेरिंग नेगी एवं मनीष वर्मा को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उनको 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए सभी आरोपियों ने इन बीते शुक्रवार को जब तारापुर में आर्यन अपने होटल से शिमला की ओर जा रहे थे उनकी गाड़ी रोकी थी। इन हमलावरों ने पिस्तौल तानकर धमकी दी और लोहे की रॉड से हमला करने की कोशिश के साथ नकदी छीनने और अपहरण का प्रयास किया था। आर्यन ने अपनी कार से पास की खाई में छलांग लगा दी, जिससे उन्होंने अपनी जान बचाई। इसमें उन्हें हल्की चोटें आई और वो आईजीएमसी में इलाज के बाद डिस्चार्ज हो गए, पुलिस ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलहाकर नरेश चौहान के बेटे कि शिकायत पर ढली थाना में मामला दर्ज किया था। आरोपियों की गाड़ी को मशोबरा से बरामद किया, जिसमें फर्जी नंबर लगा था। पांचों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस द्वारा सीसीटीवी विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों का गहनता से विश्लेषण के बाद आरोपियों की पहचान की गई।

> इस मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ कर जल्द सारे तथ्य सामने आएंगे। अब तक इस मामले में कुल 5 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले को लेकर पुलिस की जांच जारी है।
>
> **-गौरव सिंह, एसपी, शिमला।**

## राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा के चुनाव को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर जवाब तलब

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने कांग्रेस से राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा के चुनाव को चुनौती देने वाली जनहित याचिका में केंद्र व राज्य सरकार सहित भारतीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने अनुराग शर्मा को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विनय शर्मा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने सभी प्रतिवादियों को 21 मई तक जवाब दायर करने के आदेश जारी किए। प्रार्थी ने मांग की है कि हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए अनुराग शर्मा के चुनाव को रद करने के आदेश जारी किए जाएं। प्रार्थी ने चुनाव आयोग को राज्यसभा सीट के लिए नए सिरे से चुनाव कराने के निर्देश देने की मांग भी की है।




## प्रदेश में 3 नए सैटेलाइट शहर विकसित करने के लिए एमओयू




**शिमला।** प्रदेश में 3 नए सैटेलाइट शहरों के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश आवास और शहरी विकास प्राधिकरण हिमुडा और हाउसिंग एंड अर्बन डेवेलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड हुडको के बीच बुधवार को यहां नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत हिम चंडीगढ़, हिम पंचकूला और कांगड़ा वैली एयरोसिटी का निर्माण किया जाएगा। हिमुडा की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार वशिष्ठ तथा हुडको की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख नीरज सेठी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च अधिमान देते हुए नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने में यह परियोजनाएं मील पत्थर साबित होंगी। इन परियोजनाओं को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने तथा राज्य में बढ़ते शहरीकरण के दबाव को कम करने के लिए इन परियोजनाओं को योजनाबद्ध, सतत विकास के दृष्टिगत भविष्य के अनुरूप शहरी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नियोजित शहरीकरण की परिकल्पना को साकार करने की दृष्टि में ये परियोजनाएं सहायक साबित होंगी। इस अवसर पर हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, हिमुडा और हुडको के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कर्नल मनीष कुमार होंगे भूतपूर्व सैनिक निगम के चेयरमैन


**शिमला।** प्रदेश सरकार ने भूतपूर्व सैनिक निगम में कर्नल मनीष कुमार को चेयरमैन के पद पर तैनाती दी है। वह इस निगम के चेयरमैन होने के साथ-साथ प्रबंध निदेशक भी होंगे। कर्नल मनीष कुमार देहरा तहसील के सनोट गांव के रहने वाले हैं, जिन्हें सरकार ने यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति के आदेश बुधवार को जारी कर दिए गए हैं। अभी तक भूतपूर्व सैनिक निगम हमीरपुर के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल प्यार सिंह अत्री के पास यह जिम्मेदारी थी, जो अब इस अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे। सैनिक कल्याण विभाग ने यह अधिसूचना जारी की है।






## सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष आमने-सामने

# मुख्यमंत्री बोले- खुशफहमी में हैं जयराम कि सरकार चली जाएगी



विशेष संवाददाता ▌शिमला

**बुधवार** को विधानसभा सदन के दौरान सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आमने-सामने आ गए। दोनों नेताओं के बीच टकराव हुआ। जयराम ठाकुर मंगलवार को पीएम से मिलने गए थे, जिनके वहां से लौटने पर सदन में खूब वार-पलटवार हुआ। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर खुशफहमी में हैं। जयराम ठाकुर इसी खुशफहमी में रहते हैं कि यहां पर सरकार चली जाएगी, मगर न तो सरकार जाएगी और न कुछ और होगा। सुक्खू ने कहा कि उनका पुराना रिकॉर्ड देख लेना, वे जिस भी पद पर रहे हैं लंबे समय तक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का आशीर्वाद उनके साथ है तो वहीं प्रदेश की जनता का आशीर्वाद उनके साथ है। अपने कर्मों का आशीर्वाद होता है, जिसके आगे फिर कुछ नहीं चलता। सीएम ने कहा कि यदि सरकार जानी होती तो फिर उसी समय चली जाती जब जयराम ठाकुर ने सदन में कहा था कि इस सरकार को तो भगवान भी नहीं बचा सकते। उन्होंने कहा कि तब ऐसी परिस्थितियां थीं कि सरकार चली जाती, मगर तब भी नहीं गई तो अब तो सरकार जाने का मतलब ही नहीं बनता। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अनर्गल टिप्पणियां करते हैं, जिसके बाद तनाव में आकर वे भूल जाते हैं कि उन्होंने क्या कहा, वह क्या बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल पर सेस पर जो बिल लाया गया है, उसमें सरकार को इसमें अधिकतम 5 रुपये तक सेस लगाने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जयराम ठाकुर ने जो भी कहा वह विधवाओं व अनाथ बच्चों का अपमान है।

● **मेरा रिकॉर्ड देखना, जिस पद पर भी रहा लंबे समय तक रहा**

## सदन में जिम्मेदारी से बोलें सीएम : जयराम

**सदन** में प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर के तहत अपनी बात रखते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने गए थे और अच्छे माहौल में उनसे बातचीत हुई है। प्रधानमंत्री के साथ उन्होंने हिमाचल के हितों के विषयों पर बात की है और यह चर्चा हुई है कि कैसे प्रदेश की मदद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यहां पर बार-बार यह कहा जाता है कि जयराम दिल्ली गए और वहां पर मदद रोकने के लिए गए हैं। कभी हमने यह नहीं कहा कि मुख्यमंत्री दिल्ली गए और अपने नेताओं से वहां पर मिले। इस पर कभी विपक्ष ने नहीं पूछा कि वे अपने नेताओं से क्यों मिलने जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम राजनीतिक टिप्पणियां करते हैं, लेकिन उन्हें सदन में जिम्मेदारी के साथ बोलना चाहिए। वे सदन के नेता हैं, जिनकी जिम्मेदारी बनती है मगर वे विशुद्ध रूप से राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार सीएम द्वारा यह कहना कि विपक्ष के नेता तथ्यों पर नहीं बोलते यह गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर विधेयक लाया और भाजपा के विरोध के बावजूद उसे पारित किया गया। ऐसे में क्या सरकार सेस नहीं लगा रही है। इस पर यदि वह कुछ बोल रहे हैं तो इसमें क्या गलत है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को लेकर भी कुछ टिप्पणी की मगर उसे कार्यवाही से हटा दिया गया, जिससे एक बार सदन का माहौल तनावपूर्ण भी हो गया। बाद में सीएम ने भी अपनी बात रखी।



# नेता प्रतिपक्ष को दिल्ली जाकर हल्ला मचाना शोभा नहीं देता

## सीएम बोले- सेस लगाना या न लगाना सरकार का अधिकार

विशेष संवाददाता ▌शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली जाकर हल्ला मचाना उन्हें शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि जिस सेस को लेकर दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री ने बयान दिया है वो सेस लागू करना या न करना सरकार के अधिकार में है और अभी यह सेस लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल पर सेस का बिल पारित हुआ है जिसके बाद राज्यपाल के पास जाएगा और वहां से मंजूरी मिलने के बाद इस पर अधिसूचना होगी। यह अधिसूचना जारी करनी है और सेस कितना लेना है इस पर अभी सरकार विचार करेगी मगर विपक्ष के नेता बेवजह से दिल्ली जाकर हल्ला मचा आए हैं।

सदन में टोल टैक्स को लेकर पूछे गए विधायक राकेश जमवाल के सवाल पर मामला पेट्रोल व डीजल पर लगने वाले सेस पर घूम गया। इस सवाल का जवाब देते हुए सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विधवा महिलाओं और अनाथ बच्चों को लेकर भाजपा उनका उपहास कर रही है। सरकार ने उनके कल्याण के लिए विधानसभा में बिल लाया है जिसे अभी तक लागू नहीं किया गया है मगर इससे पहले विपक्ष के नेता दिल्ली में जाकर यह कह रहे हैं कि यहां पर पेट्रोल व डीजल पर 5 रुपये सेस लगा दिया गया। बता दें कि मंगलवार को जयराम ठाकुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर आए हैं और उन्होंने दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसपर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कड़ा एतराज जताया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में टोल टैक्स भी उतना नहीं बढ़ाया गया है जितना भाजपा के नेता इस पर हल्ला मचा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में टोल टैक्स के कारण आसपास में रहने वाले लोगों या फिर औद्योगिक कर्मचारियों को जिस तरह की परेशानी पेश आ रही है उसपर सरकार पुनर्विचार करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को राहत देने के लिए मामला कैबिनेट में लाया जाएगा। सहानुभूतिपूर्वक ऐसे मामलों को देखा जाएगा। सीएम ने कहा कि हिमाचल की निजी गाड़ियों पर टोल टैक्स नहीं लगाया जाता है। बाहर से आने वाले वाहनों पर लगता है। यहां के कमर्शियल वाहनों पर जो टैक्स लगता है वो भी उतना ज्यादा नहीं है। सीएम ने कहा कि टोल टैक्स को फास्टैग से जोड़ा गया है जिसकी वजह से हल्ला मच रहा है। जहां पर दो बैरियर है वहां पर नैशनल हाईवे के बैरियर से एक ही जगह पर टैक्स कटे इसकी व्यवस्था पर बात की जा रही है। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि टोल टैक्स बैरियरों की नीलामी से सरकार को फायदा हुआ है। पिछले साल यह कमाई 185 करोड़ रुपये की थी जो इस बार 228 करोड़ रुपये तक गई है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पास की सुविधा देने पर भी विचार होगा।

● **विधवा महिलाओं व अनाथ बच्चों का उपहास कर रही भाजपा**

● **सीमावर्ती क्षेत्रों में टोल टैक्स में रियायत पर विचार करेगी सरकार**

### सदन में कई विधायकों ने उठाए टोल टैक्स पर सवाल

**इससे** पूर्व सदन में विधायक राकेश जम्वाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने टोल टैक्स में बेहताशा बढ़ोतरी कर दी है। इससे आम जनता पर बोझ पड़ेगा जिससे सरकार ने इनकार किया। वहीं विधायक राकेश कालिया ने कहा कि हिमाचल के लोगों को साथ लगते पंजाब के साथ रिश्तेदारियां हैं, लोगों को वहां आना-जाना पड़ता है। रोजमर्रा के कामकाज भी लोग करते हैं जिनको परेशानी हो रही है। विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि उनका पांवटा व कालाअंब एरिया औद्योगिक क्षेत्र है जहां से वाहन उत्तराखंड को आते-जाते हैं। लोगों को रोजाना टैक्स देना पड़ रहा है। रोजाना 350 रुपये लग रहे हैं और ट्रकों से 800 रुपये वसूले जा रहे हैं। यहां पर कर्मचारी वर्ग को राहत दी जानी चाहिए। इसपर सीएम ने विचार करने की बात कही। विधायक हरदीप सिंह बावा ने भी बद्दी के उद्योगपतियों व कर्मचारियों का मामला उठाया वहीं रणधीर शर्मा ने दो-दो टैक्स बैरियरों की बात कही।

सदन की ओर...



विधायक संजय अवस्थी



विधायक अनिल शर्मा

## शून्यकाल

### ऊना में वन कटान पर सख्ती करे सरकार : सत्ती

**ऊना** के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने ऊना व इसके आसपास के क्षेत्रों में हो रहे अवैध कटान का मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार पौधरोपण करवा रही है और दूसरी तरफ इस तरह से अवैध कटान हो रहा है। ऊना में पिछले दो अढ़ाई साल में अवैध वन कटान के कई मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें कहीं न कहीं वन विभाग के अफसरों की भी मिलीभगती है। इसलिए सरकार यहां पर स्थानीय अधिकारियों से नहीं बल्कि बाहर के अफसरों को भेजकर निरीक्षण करवाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अवैध कटान का मामला गंभीर है। इस मामले को सरकार को भेजा जाएगा।



### मणिमहेश यात्रा की तैयारियां करें : जनक राज

**चंबा** जिला में होने वाली मणिमहेश यात्रा को लेकर विधायक डॉ. जनक राज ने अभी से तैयारियां करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात में बड़ा नुकसान हो चुका है। उस समय आपदा आई थी और तब तत्काल इतना काम नहीं हो सकता था। भविष्य में ऐसा न हो इसलिए सरकार को अभी से चार महीने बाद होने वाली यात्रा के लिए तैयारियां करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि यहां सरकार ग्रीन व रेड कॉरिडोर बनाए। इसपर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा जब तैयारियां की जाएंगी तो बैठक होगी जिसमें उन्हें भी बुलाया जाएगा।



### सालाना 50 हजार से कम आय वाले भी बीपीएल में नहीं



**विधायक** जीत राम कटवाल ने कहा कि कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिनकी आय सालाना 50 हजार रुपये या फिर इससे नीचे है, मगर अभी तक वे बीपीएल में नहीं हैं। ऐसे लोगों को चिह्नित करने के लिए सर्वे चल रहा है, मगर इन युवाओं को प्रमाणपत्र नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में इनको भी लाभ उपलब्ध करवाया जाए।

### एलपीजी की कमी पर स्थिति स्पष्ट करें : पठानिया

**विधायक** केवल सिंह पठानिया ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार यह कह रही है कि एलपीजी गैस का संकट नहीं है और दूसरी तरफ एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग के लिए नए नियम बनाए जा रहे हैं। इसमें स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए क्योंकि यहां पर कमर्शियल गैस का काफी ज्यादा संकट खड़ा हो चुका है।



### एससी के लोगों को मिले योजनाओं का लाभ : रीना



विधायक रीना कश्यप ने अपने एरिया में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए बनाई गई कॉलोनी का मामला उठाया और वहां के लोगों को उसी कॉलोनी में रहने देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### स्कूल भवन को जल्द करें तैयार : शौरी

**विधायक** सुरेंद्र शौरी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गाड़ागुशैणी में एक स्कूल भवन को बरसात में हुए नुकसान को लेकर कहा कि जमीन चिह्नित की गई है, मगर अभी तक उस जमीन की एफआरए परमिशन नहीं मिली है। वहां पर जल्द से जल्द स्कूल भवन का निर्माण किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किराये के मकान में अभी स्कूल चल रहा है, जिसका पैसा देकर तब तक वहीं पर व्यवस्था की जाए तब तक नया भवन नहीं बन जाता। इससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।



# जगत नेगी ने फिर गरमाया सदन, बोले प्रदेश में सब हैप्पी सिर्फ विपक्ष नाखुश

विशेष संवाददाता ▌शिमला



**प्रदेश** विधानसभा में एक बार फिर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने माहौल को गरमा दिया। हालांकि शे'र ओ-शायरी करके उन्हें इसमें थोड़ी ठंडक लाने की कोशिश भी की मगर उन्होंने जो शे'र पढ़े वो भी तंज कसने वाले थे। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी शे'र से ही उन पर पलटवार किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि हिमाचल में सभी हैप्पी हैं केवल विपक्ष नाखुश है।

विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर सामान्य चर्चा के दौरान माहौल उस समय गर्मा गया जब राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती आमने-सामने आ गए। दोनों नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी और नोकझोंक ने सदन का तापमान बढ़ा दिया। राजस्व मंत्री जगत नेगी ने चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व राज्यपाल का नाम लिए बिना कहा कि वह उनसे 8 बार मिले, लेकिन जनजातीय क्षेत्रों को नौतोड़ का लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि यदि राज्यपाल चाहते तो यह लाभ मिल सकता था। नेगी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल का आर्थिक गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जीएसटी के जरिये राज्य की वित्तीय स्वायत्तता प्रभावित हुई और अब 16वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान आरडीजी बंद करना इसी दिशा में कदम है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा हिमाचल को आर्थिक रूप से मजबूत नहीं देखना चाहती। उनके निशाने पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर थे जिन पर शे'र ओ-शायरी कर जगत नेगी ने तंज कसे। उन्होंने कहा कि हम आईना हैं, आईना ही रहेंगे फिक्र वो करे जिनकी शक्ल कुछ और दिल में कुछ और रहता है। उन्होंने भाजपा पर आरडीजी को लेकर स्टैंड क्लीयर करने की बात कही।

● **शे'र ओ-शायरी से विपक्ष पर कसे तंज**

### जयराम ठाकुर ने भी शे'र से दिया जवाब

अंत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मेरे हालात पर न कर मेरे किरदार का फैसला, तेरा वजूद मिट जाएगा मुझे मिटाते-मिटाते। बजट चर्चा के दौरान जनजातीय मुद्दों से लेकर वित्तीय सहायता, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार तक लगभग हर मुद्दे पर सरकार और विपक्ष आमने-सामने नजर आए।



*शिमला। बजट सत्र के सातवें दिन की कार्यवाही का संचालन करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।*

# जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट

हिमाचल दस्तक ▌शिमला

**बजट** अनुमानों पर मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर भाजपा के विधायकों ने वॉकआउट किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि 3 साल के कार्यकाल में चार बजट में सरकार के पास बताने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए पूर्व सरकार की उपलब्धियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सरकार को यह बात चुभती है कि प्रदेश के लोग हिमकेयर की तारीफ करते हैं। प्रदेश सरकार जिस राह पर चल रही है वह एक प्रदेश के मुखिया की राह नहीं है। सरकार लगातार विजिलेंस पर भाजपा के नेताओं पर फर्जी आरोप लगाने के बहाने खोजने के लिए दबाव बना रही है। आरटीआई के दायरे से बाहर लाना उनकी इसी साजिश का हिस्सा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार के पास अपने बजट में बताने को जब कोई उपलब्धि नहीं है तो इसी तरह की तथ्यहीन बातें करनी पड़ रही हैं। एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं की इलाज सरकारी अस्पताल में होगा दूसरी तरफ कहते हैं कि एक ही मेडिकल कॉलेज में 100 करोड़ का घोटाला हो गया। अगर घोटाला हो गया तो मुख्यमंत्री जांच करें जो भी जिम्मेदार लोग हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आरोप में कोई तथ्य नहीं है और सरकार के पास बताने के लिए अपनी कोई उपलब्धि नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि लोग हमें व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार के घोटालों के बारे में बता रहे हैं। सब कुछ बहुत जल्दी सामने आने वाला है। यह सरकार अपने विधायकों आला नेताओं और प्रदेश की जनता का भरोसा खो चुकी है।

● **कहा- अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए पूर्व सरकार पर आरोप लगा रही सरकार**



### हिमकेयर को लेकर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद : जयराम

**मुख्यमंत्री** द्वारा हिमकेयर योजना को लेकर लगाए आरोपों को सिरे से नकारते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलने और सुनने की एक सीमा होती है। दोनों ही सीमाएं सिर के ऊपर से चली गई हैं। उन्होंने कहा कि सीएम साढ़े तीन साल से कह रहे हैं कि सब कुछ लुटा दिया। उन्होंने कहा कि अगर लुटाया है तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर योजना को लेकर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है। मेडिकल कॉलेज में 100 करोड़ के घोटोले के आरोप को लेकर विपक्ष को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तथ्य है तो सीएम यहां रखे अगर दोषी पाए जाएंगे तो जांच में विपक्ष पूरा सहयोग करेगी।

# शिमला हिमफेस्ट में हुए 10 हजार करोड़ के एमओयू

वरिष्ठ संवाददाता ▌शिमला

**उद्योग** मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि शिमला में आयोजित हिमफेस्ट में 10 हजार करोड़ के एमओयू हुए हैं। उन्होंने कहा कि उनमें से 2500 करोड़ के निवेश को लेकर प्रस्ताव भी उद्योग विभाग को आ चुके हैं। जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम सिंह के सवाल पर जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि कर्मचारी-अधिकारी व विधायकों का विदेश दौरा एमएसए मई के तहत हुआ है। इसमें राज्य सरकार का अपना बजट खर्च नहीं हुआ है, बल्कि केंद्र सरकार की एमएसएमई योजना के तहत ही सब हुआ है। उन्होंने बताया कि अधिकारी व विधायक जापान, होंगकांग, वियतनाम गए थे। इस दौरान जापान में निवेश व हेल्थ सेक्टर पर बैठकें की थी, होंगकॉन्ग में पर्यटन, वियतनाम में फूड व अन्य मुद्दों पर बैठकें कर निवेश के माध्यमों को तालाशा गया। मंत्री ने कहा कि विदेश दौरे पर केवल सरकार के मंत्री व विधायक ही नहीं, बल्कि पहली बार विपक्ष के दो विधायक विपिन सिंह परमार और अनिल शर्मा को भी भेजा गया था। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में 31 जनवरी, 2026 तक प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म, लद्यू एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्रम एमएसएमई के अंतर्गत 29 सितंबर, 2025 से 10 अक्तूबर तक उद्योग मंत्री के नेतृत्व में पांच अधिकारियों को जापान, हांगकॉग एंव वियतनाम के दौरे पर भेजा गया था, इनमें आरडी नजीम आईएएस, डॉ. यूनुस आईएएस, तिलक राज शर्मा, अंशुल धीमान, अनिल ठाकुर, संयुक्त निदेशक उद्योग को भेजा गया था। इसके अतिरिक्त तीन विधायकों को भी भेजा गया था। इसके अतिरिक्त उक्त दौरे के व्यापक प्रबंधन के लिए एक सलाहकार सुमित सागर डोगरा को भी भेजा गया था। यहां यह भी उल्लिखित है कि उक्त दौरे में तीन उद्यमियों को भी सम्मिलित किया गया था। इस प्रकार उक्त दौरे पर कुल 13 प्रतिनिधि सम्मिलित थे। इस दौरे पर 2 करोड़ 4 लाख 22 हजार 830 की धनराशि व्यय की गई थी। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में 30 जनवरी, 2026 तक 2411 औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुई तथा 88 औद्योगिक इकाइयां बंद हुई हैं।



● **उद्योग मंत्री बोले- 500 करोड़ के प्रस्तावित निवेश पर उद्योग विभाग को मिले प्रस्ताव**

● **विदेश दौरे पर 2 करोड़ से ज्यादा का खर्च**




### 806846 व्यक्तियों को मिल रही सामाजिक पेंशन

**स्वास्थ्य** मंत्री ने लिखित सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में 806846 व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है तथा इनमें से 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 350002 व्यक्तियों को यह पेंशन दी जाती है। 15-03-2025 तक प्रदेश में 27324 पेंशन के आवेदन स्वीकृति के लिए विचाराधीन हैं। सरकार 70 वर्ष आयुवर्ग के पेंशनरों को उनके घरों में पेंशन देने का विचार नहीं रखती है।

### एनवायरनमेंट फ्रेंडली बनेगा प्रदेश : विक्रमादित्य सिंह

**मनाली** के विधायक भुवनेश्वर के सवाल पर उत्तर देते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश को एनवायरनमेंट फ्रेंडली बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनाली में कूड़ा प्रबंधन की गंभीर समस्या है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मनाली होटल डेस्टिनेशन है। उन्होंने कहा कि मनाली के लेफ्ट बैंक की हालत भी ठीक नहीं है, उसे सुधारा जाएगा, साथ ही क्षेत्र में कूड़ा संयत्र को लेकर भी निरीक्षण किया जाएगा। सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 76 शहरी स्थानीय निकाय हैं, जिनमें से 15 नगर पंचायतों का गठन दिसंबर, 2024 में तथा नगर पचांयत बीड़ का गठन 10 मार्च, 2026 को किया गया है। पहले से विद्यमान 60 शहरी स्थानीय निकायों में घर द्वार से कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है, हालांकि अभी पृथक्करण के स्तर को 100 प्रतिशत पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं तथा नवगठित नगर पंचायतों में कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।





# तीन साल बीतने के बाद भी नरैंण पंचायत में लगातार धंस रही सड़क

## वाहन चालक जान जोखिम में डाल कर रहे सफर, कभी भी हो सकता है हादसा

हिमाचल दस्तक ■ रामपुर बुशहर



**तीन** वर्ष बीत जाने के बाद भी नरैंण पंचायत के अधीन मुख्य सड़क लगातार धंस रही है। आलम ये है कि सड़क करीब 10 फुट तक बैठ चुकी है। इसी धंसी हुई सड़क में वाहनों की आवाजाही जैसे तैसे जारी है। ये सड़क रामपुर को रोहड़ू से जोड़ती है। अगर ये सड़क बंद हो जाती है तो रामपुर से रोहड़ू को जाना पूरी तरह से बंद हो जाएगा। वर्ष 2023 में बरसात के दिनों में इस सड़क का धंसना शुरू हुआ था। हैरान करने वाली बात ये है कि 3 साल बीत जाने के बाद भी लोक निर्माण विभाग क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक नहीं कर पाया है।

**■ लोक निर्माण विभाग नहीं ले रहा सुध**

इतना ही नहीं अभी तक इस लगातार धंस रही सड़क को ठीक करने के लिए मौके पर कोई काम नहीं हो पा रहा है। ऐसे में आने वाली बरसात में ये प्वॉइंट ग्रामीणों को खासा परेशान करेगा। ये सड़क रामपुर सहित रोहडू क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को लाभान्वित करती है। साल 2023 में भी इस प्वॉइंट के धंसने से काफी समय तक सड़क में आवाजाही पूरी तरह से बंद रही थी। वर्तमान समय में यह सड़क करीब 10 फुट तक नीचे धंस गई है और यहां से गुजरने वाले वाहनों को हमेशा खतरा बना रहता है। बीते वर्ष भी सेब सीजन के दौरान क्षेत्र के बागवानों को अपनी नकदी फसल सेब मंडी पहुंचाना चुनौतीपूर्ण बन गया था। क्षेत्र के हजारों बागवान इसी सड़क के जरिये अपनी फसल मंडी तक पहुंचाते हैं, लेकिन लगातार धंस रही सड़क ग्रामीणों के साथ-साथ बागवानों की चिंता भी बढ़ा रही है।

### सड़क धंसने के कई साल बाद भी स्थिति जस की तस

**ग्रामीणों** का कहना है कि सड़क धंसने के कई साल बाद भी मौके की स्थिति जस की तस बनी हुई है। अगर इस बरसात से पहले इस प्वॉइंट को ठीक नहीं किया गया तो आने वाले सेब सीजन में ये प्वॉइंट काफी बड़ी समस्या बन जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि ये प्वॉइंट पानी की सही निकासी के कारण लगातार बैठ रहा है। ऐसे में मौके पर विशेषज्ञों को बुलाकर ये जांचना चाहिए कि इसका सही इलाज क्या हो सकता है।

"**जल** शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग ने पानी की निकासी को लेकर मौके का निरीक्षण किया था। जल निकासी के बाद ही सड़क के सुधारीकरण कर कार्य शुरू हो पाएगा।

- **गोवर्धन शर्मा**, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, तकलेच।

आनी कस्बे को स्वच्छ बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# 1 अप्रैल से घर-घर कूड़ा संग्रहण होगा शुरू

हिमाचल दस्तक ■ आनी

**आनी** कस्बे में बढ़ते कूड़ा-कचरा और बिगड़ती स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। उपमंडलाधिकारी (ना.) आनी लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 अप्रैल से कस्बे में घर-घर कूड़ा एकत्रीकरण प्रणाली लागू की जाएगी। इस जिम्मेदारी को आनी शोभला क्लस्टर कमिटी को सौंपा गया है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान एसडीएम ने आनी बाजार, आसपास की कॉलोनियों, गलियों और नालियों में फैले कूड़े-कचरे की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना प्रशासन और जनता दोनों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पूर्व में उपायुक्त स्तर से भी दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पंचायतों में वर्तमान में निर्वाचित प्रतिनिधि न होने के कारण खंड विकास अधिकारी को प्रशासक की शक्तियां दी गई हैं। ऐसे में नई पंचायतों के गठन तक इस अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए क्लस्टर कमिटी को अधिकृत किया गया है। कमिटी में खंड विकास अधिकारी अध्यक्ष, एसईबीपीओ और एलएईओ उपाध्यक्ष, पंचायत निरीक्षक सदस्य सचिव तथा संबंधित पंचायत सचिव और व्यापार मंडल के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। कमिटी को आवश्यक संसाधन खरीदने, वाहन किराये पर लेने, मजदूरों की नियुक्ति करने और कचरा निस्तारण की पूरी व्यवस्था करने के अधिकार दिए गए हैं। साथ ही कमिटी हर माह अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और इसकी नियमित समीक्षा भी की जाएगी। जनसहभागिता पर जोर देगी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने घरों में कचरे का सही तरीके से पृथककरण करें। अधिकारियों का मानना है कि जनसहभागिता से ही आनी कस्बे को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

### क्लस्टर कमिटी को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

**स्वच्छता** व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए पहले ही आनी शोभला क्लस्टर कमिटी का गठन किया जा चुका है, जिसका मुख्यालय ग्राम पंचायत आनी में रखा गया है। इस क्लस्टर में ग्राम पंचायत आनी, बखनाओ, नम्होग, कराणा-1 और कुंगश के बाजार से जुड़े क्षेत्रों को शामिल किया गया है। कमिटी को घर-घर से कचरा संग्रहण, उसका पृथककरण और निस्तारण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### कचरे का होगा वैज्ञानिक प्रबंधन

**प्रशासन** ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक घर में कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग रखा जाएगा। प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर पंचायत घर या किराये के स्टोर में सुरक्षित रखा जाएगा, जबकि गीले कचरे के निस्तारण के लिए गड्ढों की व्यवस्था की जाएगी। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी मजबूत होगी।

### मासिक शुल्क भी किया निर्धारित

**कचरा** प्रबंधन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मासिक सफाई शुल्क भी निर्धारित किया गया है। इसके तहत घरों से 75 रुपये, व्यापारिक संस्थानों से 150 रुपये तथा होटल और रेस्तरां से 200 रुपये प्रति माह शुल्क लिया जाएगा। यह राशि हिमाचल प्रदेश मॉडल बायलॉज 2025 के तहत निर्धारित की गई है और इसे सख्ती से वसूल कर कमिटी के खाते में जमा किया जाएगा।

## न्यूज 1 नजर में

### अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का किया स्वागत

**शिमला।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निर्णय के अनुसार यदि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के व्यक्ति धर्म परिवर्तन करते हैं, तो उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण एवं अन्य विशेष सुविधाओं का लाभ नहीं मिलेगा। यह निर्णय जनजातीय समाज के हितों की रक्षा करने वाला है, जिससे समाज को मजबूती मिलेगी और आरक्षण जैसी व्यवस्थाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत मिलने वाली सुरक्षा का लाभ भी ऐसे मामलों में लागू नहीं होगा। अनुसूचित जनजाति मोर्चा इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए न्यायपालिका का पुनः धन्यवाद करता है और आशा करता है कि यह फैसला समाज में समानता न्याय और पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

### सभी विभागाध्यक्ष 31 मार्च से पहले करें बिजली बिलों का भुगतान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि सरकारी अधिसूचना के अनुसार सभी सरकारी विभागों में स्थापित विद्युत मीटरों को प्री-पेड मीटर में परिवर्तित किया जा रहा है। इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों से विनम्र निवेदन किया गया है कि वे अपने विभाग से संबंधित विद्युत के लंबित बकाया बिलों का भुगतान 31 मार्च से पहले अनिवार्य रूप से कर दें। यदि निर्धारित तिथि तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो विद्युत आपूर्ति को अस्थायी रूप से बाधित किया जा सकता है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। बोर्ड ने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया है कि वे कृपा समयसीमा का पालन करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### थोक गोदामों के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित

**शिमाला।** जिला शिमला में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदामों को वर्ष 2026-27 के लिए निगम मजदूरी कार्य (लोडिंग व अनलोडिंग) के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। यह निविदा ऑनलाइन पोर्टल एचटीटीपीएस पर 7 अप्रैल को प्रातः 12 बजे तक पर भरी जा सकती है। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक भंडार नारकंडा, रामपुर, गुम्मा, कुपवी, जुब्बल व चिड़गांव में मजदूरी कार्य लोडिंग व अनलोडिंग के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। यह निविदा 7 अप्रैल को सायं 2:30 बजे अतिरिक्त उपायुक्त शिमला जिला शिमला के कार्यालय में खोली जाएगी। उक्त निविदाओं का विवरण गोदामवार संक्षिप्त में उपरोक्त पोर्टल में दिया गया है। उक्त निविदाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आप जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, शिमला के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या दूरभाष नंबर 0177-2657022 पर संपर्क कर सकते हैं।

### खनेरी अस्पताल परिसर में लोगों को क्षय रोग के बारे में किया जागरूक



**रामपुर बुशहर।** विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य पर खनेरी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को क्षय रोग बारे जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षुओं ने भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभा के जौहर दिखाए। खंड चिकित्सा अधिकारी रामपुर डॉ. गगन शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में जीएनएम नर्सिंग स्कूल खनेरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम हां हम टीबी खत्म कर सकते हैं, समुदायों के नेतृत्व में लोगों की शक्ति से रही। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी खनेरी डॉ. रोशन कौंडल मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में लोगों को क्षय रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, लघु नाटक और पोस्टर मेकिंग प्रमुख रहे। जीएनएम स्कूल के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की प्रशिक्षु छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर मैट्रन, वार्ड सिस्टर, अध्यापक, ब्लॉक सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ता और जीएनएम स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर गिरी बाइक, 3 घायल

हिमाचल दस्तक ■ चौपाल/नेरवा

**नेरवा** तहसील के तहत एक सड़क हादसे में एक 7 वर्षीय बच्चे सहित 3 लोग घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना बुधवार सुबह करीब 9:30 बजे नेरवा-देइया मार्ग पर ठेकरा कैंची मोड़ पर पेश आई। जानकारी के अनुसार एक पति-पत्नी अपने बच्चे सहित बाइक में सवार होकर ठेकरा से नेरवा की तरफ जा रहे थे, इस दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल नेरवा पहुंचाया गया। घायलों की पहचान राकेश कुमार (31), पुत्र भोप सिंहए, सपना कुमारी (29), पत्नी राकेश कुमार, रितुल (7), पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। घायलों को नेरवा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई। तहसीलदार नेरवा कुश कुमार की उपस्थिति में घायलों को फौरी राहत के रूप में 5-5 हजार रुपये प्रति व्यक्ति (कुल 15 हजार रुपये) की नकद राशि प्रदान की गई है। एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने हादसे की पुष्टि की है।




**■ नेरवा-देइया मार्ग पर ठेकरा कैंची मोड़ के समीप पेश आया हादसा**

# जरल निहरी के विद्यार्थियों ने सुन्नी कॉलेज का किया शैक्षणिक भ्रमण

हिमाचल दस्तक ■ सुन्नी

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जरल निहरी के विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी और जूलॉजी लैब का दौरा किया, जहां उन्हें प्रयोगात्मक ज्ञान और उपकरणों की जानकारी दी गई। इसके बाद कई इंट्रेक्टिव सत्र आयोजित हुए। डॉ. मनीश पॉल, सहायक प्रोफेसर गणित द्वारा छात्रों के गणितीय कौशल को बढ़ाने पर जोर दिया। प्रो. चुनी लाल, सहायक प्रोफेसर फिजिक्स द्वारा बुनियादी भौतिकी अवधारणाओं पर चर्चा की। प्रो. सुभाष चंद सहायक प्रोफेसर केमिस्ट्री और प्रो. धर्मेंद्र सिंह सहायक प्रोफेसर (जूलॉजी) ने भी छात्रों को अपने-अपने विषयों में रोचक जानकारी दी। छात्रों ने इन सत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों द्वारा सवाल भी पूछे गए और प्रयोगों के माध्यम से सीखने की प्रेरणा ली। स्कूल के अध्यापकों ने कॉलेज प्रशासन को धन्यवाद दिया, यह कहते हुए कि इस तरह के दौरे छात्रों की शिक्षा को नई दिशा देते हैं और उन्हें आगे विज्ञान और गणित में रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान 6वीं से 8वीं कक्षा के 34 छात्र सहित अध्यापकों में हिस्सा लिया।

**■ फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी व जूलॉजी लैब में प्रयोगात्मक ज्ञान व उपकरणों की ली जानकारी**




# जल महोत्सव में बच्चों ने सीखे पानी बचाने के तरीके

**शिमला।** पानी के बढ़ते संकट के बीच हिमाचल के स्कूलों में जल महोत्सव की खास पहल देखने को मिली, जहां बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। समग्र शिक्षा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों को न केवल जागरूक किया, बल्कि उन्हें पानी बचाने की जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस महोत्सव में प्रदेशभर के स्कूलों में कई गतिविधियां करवाई गईं। छात्रों ने पोस्टर, निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताओं के माध्यम से पानी की अहमियत को दर्शाया, वहीं जागरूकता रैलियों के जरिए यह संदेश आम लोगों तक भी पहुंचाया गया। इस दौरान बच्चों को वर्षा जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई और इसके मॉडल भी प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने सीखा कि कैसे रोजमर्रा की छोटी-छोटी आदतों में बदलाव कर पानी की बचत की जा सकती है। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में जल महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया है। इस पहल के माध्यम से बच्चों को न केवल जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें जल संरक्षण को अपनी आदतों में शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि यदि बचपन से ही पानी बचाने की समझ विकसित हो जाए, तो आने वाले समय में समाज में बड़ा सकारात्मक बदलाव संभव है।

**■ रैलियों, पोस्टरों और गतिविधियों के जरिये दिया जागरूकता का संदेश**

# 14 अवैध रेहड़ी-फड़ी धारकों का सामान जब्त

## लिफ्ट, संजौली, लोअर व राम बाजार सहित बीसीएस में एमसी की कार्रवाई

हिमाचल दस्तक ■ शिमला

**शहर** में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए लिफ्ट, लोअर बाजार, राम बाजार, संजौली और बीसीएस क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान निगम की टीम ने 14 अवैध तहबाजारी करने वालों का सामान जब्त किया है। निगम की इस कार्रवाई से बाजारों में हड़कंप मच गया और कई अतिक्रमणकारी मौके से अपना सामान समेटकर भागते नजर आए।

निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह अभियान चलाया गया, ताकि आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से कब्जा कर कारोबार कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। निगम की टीम ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के तहबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।





"**शहर** में अतिक्रमण को किसी भी हाल में बढ़ने नहीं दिया जाएगा। नगर निगम का उद्देश्य शहर की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है। अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सभी लोगों से अपील है कि नियमों का पालन करें और निर्धारित स्थानों पर ही व्यापार करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

- **भुवन शर्मा**, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम शिमला।

# किन्नौर में एलपीजी की भारी किल्लत

हिमाचल दस्तक ■ रिकांगपिओ

**किन्नौर** जिले सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में हाल ही में कमर्शियल एलपीजी गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। कमर्शियल गैस सिलिंडर उपलब्ध न होने के कारण किन्नौर जिले में कई होटल और ढाबे बंद हो चुके हैं, जबकि अनेक प्रतिष्ठान बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। कारोबारी वर्ग का कहना है कि स्थिति ऐसे ही रही तो इसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ेगा। हालांकि प्रशासन और सरकार ने आपूर्ति बहाल होने का दावा किया है। होटल कारोबारी दयाल सिंह नेगी और जय कृष्ण नेगी ने बताया कि किन्नौर जिले में कमर्शियल गैस न मिलने से पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उनके अनुसार जिला मुख्यालय में कई होटल और ढाबे गैस न मिलने के कारण अस्थायी रूप से बंद हो गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो जिले के अधिकांश होटल और ढाबों में ताला लग सकता है। उधर, गैस किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं की मुश्किलें आने वाले दिनों में और बढ़ सकती हैं। ऑयल कंपनियों की ओर से गैस सिलिंडर आपूर्ति को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पास 2 सिलिंडर हैं, वे 36वें दिन गैस सिलिंडर की बुकिंग कर सकेंगे। उज्ज्वला कनेक्शन धारक उपभोक्ता 45 दिन बाद सिलिंडर बुक करा पाएंगे, जबकि एकल सिलिंडर वाले उपभोक्ता 25 दिन के बाद ही अगला सिलिंडर बुक कर सकेंगे। इस संबंध में डीसी किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मिडल ईस्ट में जारी जंग के कारण जिले में गैस की कुछ कमी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में गैस आपूर्ति कुछ कम हुई है, जबकि जिले के अन्य क्षेत्रों में फिलहाल किसी तरह की बड़ी कमी नहीं है। डीसी ने स्वीकार किया कि जिले में कमर्शियल गैस सिलिंडर की कमी है और इस मुद्दे पर एक बैठक भी बुलाई गई है, ताकि स्थिति का आकलन कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें।



**■ कई होटल व ढाबे हुए बंद**

रामपुर कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार किए सम्मानित

हिमाचल दस्तक ■ रामपुर बुशहर



**गोविंद** बल्लभपंत मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. जय भगवान बंसल, सेवानिवृत्त प्राचार्य बतौर मुख्यअतिथि मौजूद रहे तथा डॉ. शंकर भगत नेगी, सेवानिवृत्त प्राचार्य सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया, वरिष्ठ आचार्य, अन्य शिक्षक-गैर शिक्षक सदस्य, अभिभावक शिक्षक संघ के सदस्यों में उपाध्यक्ष मोहर सिंह, अन्य सदस्यों में ज्योतिराज साहनी लोकराज ठाकुर व देविका तथा भारी संख्या में छात्र भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्लस्टर महाविद्यालयों के प्राचार्यों में डॉक्टर कुलजीत सिंह, निरमंड, डॉ. दायक राम, आनी, डॉ. तिलक भारद्वाज, बुशहर बीएड कॉलेज आदि भी मौजूद रहे। विशेष अतिथियों में डॉक्टर नरेंद्र पॉल, आनी कॉलेज तथा ललित भारती तथा बंसल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना व अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर पंकज बासोतिया द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन को पढ़ा गया। कार्यक्रम के बीच में कुछ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां संगीत विभाग के संकाय सदस्यों व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गईं। मुख्यअतिथि डॉ. जय भगवान बंसल ने सभा को संबोधित किया तथा उन्होंने अपने वक्तव्य में वर्तमान समय की उस स्थिति पर प्रकाश डाला। इसी के साथ उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की प्रशंसा की तथा उन्हें उनकी उपलब्धियां के लिए उनकी प्रशंसा की। इसके पश्चात सम्मानित अतिथि डॉ. शंकर भगत नेगी ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यह कहा कि आज की युवा पीढ़ी दिशाहीन है और युवाओं को दिशा दिखाना गुरुजनों का कार्य है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अकादमिक पारितोषिक वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें अकादमिक क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मुख्यअतिथि के हाथों द्वारा परितोषिकों से नवाजा गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# एसडीएम की अध्यक्षता में संयुक्त समिति ने किया वृद्ध आश्रम बसंतपुर का निरीक्षण

**सुन्नी।** उपमंडलाधिकारी सुन्नी राजेश वर्मा की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सुन्नी, तहसील कल्याण अधिकारी तथा निरीक्षक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संयुक्त समिति द्वारा बुधवार को वृद्ध आश्रम, बसंतपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्ध आश्रम की विभिन्न गतिविधियों, अभिलेखों तथा वहां निवासरत वृद्धजनों के कुशलक्षेम की विस्तृत जांच की गई। समिति द्वारा आश्रम की कार्यप्रणाली में पाई गई कमियों का संज्ञान लेते हुए आश्रम के प्रभारी को समुचित दिशा-निर्देश जारी किए गए तथा आवश्यक सुधार तुरंत प्रभाव से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त वृद्ध आश्रम परिसर में वर्तमान में प्रगति पर चल रहे मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निर्माणकार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संबंधित एजेंसी तथा आश्रम प्रभारी को यथोचित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए।



### कुसुम्पटी सहित कई क्षेत्रों में आज बिजली बंद रहेगी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के मुताबिक 11 केवी ओएच कुसुम्पटी फीडर एचटी लाइन में रखरखाव कार्य के चलते कई क्षेत्र में 26 मार्च को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पूर्ण शटडाउन रहेगा। असिस्टैंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर इलेक्ट्रीसिटी सब डिविजन खलीनी रविंद्र ठाकुर ने बताया कि एसडीए कांप्लेक्स, देवीनगर, अंजी, पट्टी, विकासनगर, बड़ागांव, लोअर कग्नाधार, सूर्यनगर कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली बोर्ड ने यह अपील की है कि लोग अपने वाहनों को बिजली लाइनों व पोल के नीचे पार्क न करें, ताकि रखरखाव कार्य में बाधा न हो।

# 353 प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों को नोटिस जारी

## नगर निगम की वार्डवार कार्रवाई तेज, अब बिजली-पानी के कटेंगे कनेक्शन

सपना शर्मा ▌शिमला

**शिमला** नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूली को लेकर अपना अभियान तेज कर दिया है। शहर के विभिन्न वार्डों में 353 प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टर को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद 69,96,461 रुपये अभी भी बकाया है। निगम प्रशासन का कहना है कि बार-बार टैक्स जमा न करवाने के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। टैक्स न देने पर अब डिफॉल्टरों के बिजली-पानी के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बीते दिनों निगम ने टैक्स न देने वाले 5 होटल के पानी के कनेक्शन काट दिए, जिसके बाद 3 होटल मालिकों ने टैक्स जमा कर दिया है।

**▌नॉर्थ व साउथ वार्ड में सबसे ज्यादा डिफॉल्टर**

अब निगम बाकी डिफॉल्टरों पर भी कड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। इन 353 डिफॉल्टरों को भी फाइनल नोटिस भेजे जा चुके हैं, यदि इन डिफॉल्टरों ने भी जल्द टैक्स जमा नहीं किया तो इनके बिजली-पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जानकारी के अनुसार नॉर्थ वार्ड में 85 नोटिस जारी किए गए हैं, जहां सबसे अधिक बकाया राशि दर्ज की गई है। वहीं साउथ वार्ड में 135 नोटिस जारी कर सबसे ज्यादा डिफॉल्टरों की पहचान की गई है। इनमें कई होटल भी शामिल हैं, जिनसे लाखों रुपये टैक्स वसूला जाना है। इसके अलावा वेस्ट वार्ड में 77 और सेंट्रल वार्ड 56 नोटिस जारी किए गए हैं। निगम का मानना है कि इन वार्डों में टैक्स की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि इन आंकड़ों से साफ है कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में टैक्स बकाया की स्थिति अलग है, लेकिन कुल मिलाकर निगम को अभी भी बड़ी राशि की वसूली करनी बाकी है। निगम का कहना है कि प्रॉपर्टी टैक्स उनकी आय का मुख्य स्रोत है और इसी के आधार पर शहर में विकासकार्यों को अंजाम दिया जाता है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि जिन उपभोक्ताओं ने अब तक अपना बकाया टैक्स नहीं दिया है, उनके खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी और डिफॉल्टरों के बिजली-पानी के कनेक्शन भी काटे जाएंगे, जिसके बाद टैक्स जमा होने के बाद ही बिजली-पानी की आपूर्ति बहाल की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि कार्रवाई प्रभावी ढंग से लागू की जा सके।



**डिफॉल्टरों पर कसेगा शिकंजा**

**नगर** निगम का कहना है कि जिन लोगों ने बार-बार नोटिस के बावजूद टैक्स जमा नहीं किया, उनके खिलाफ अब सख्त कदम उठाए जाएंगे। कनेक्शन काटने से लेकर अन्य कानूनी कार्रवाई तक के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

**अब तक 17 करोड़ की रिकवरी**

अब तक करीब 17 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की जा चुकी है। नगर निगम का लक्ष्य इस आंकड़े को और बढ़ाने का है, जबकि दूसरी ओर अभी भी 69.96 लाख रुपये की राशि बकाया बनी हुई है, जिसकी वसूली के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है।

> **प्रॉपर्टी** टैक्स की वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिन वार्डों में बकाया अधिक है, वहां विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी नागरिकों से अपील है कि समय रहते अपना टैक्स जमा कराएं।
>
> **- भुवन शर्मा**, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम शिमला।

# चमियाणा अस्पताल में अभी नहीं मिलेगी डायलिसिस की सुविधा

हिमाचल दस्तक ▌शिमला

**शिमला** के चमियाणा अस्पताल में अभी डायलिसिस की सुविधा नहीं मिलेगी। फिलहाल मरीजों को डायलिसिस के लिए आईजीएमसी ही जाना होगा। चमियाणा में अभी डायलिसिस मशीनों के स्थापित होने का कार्य तो चला है, लेकिन इसको स्थापित करने में कम से कम तीन से चार सप्ताह लगने हैं। ऐसे में मरीजों के पहले की तरह ही आईजीएमसी में डायलिसिस होंगे। अस्पताल में पहले एक या दो सप्ताह में डायलिसिस की सुविधा शुरू करने का लक्ष्य था, लेकिन मशीनें स्थापित होने में समय लग रहा है। चमियाणा में अगर समय से मशीनें शुरू हो जाती हैं तो मरीजों को आईजीएमसी के चक्कर काटने से छुटकारा मिलेगा। चमियाणा में नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग तो चल रहा है और ओपीडी भी लग रही है, लेकिन डायलिसिस की सुविधा न होने के कारण मरीजों को आईजीएमसी भेजना पड़ता है। कई बार बुजुर्ग और गंभीर रोगियों को बार-बार सफर करना पड़ता है, जिससे न सिर्फ स्वास्थ्य जोखिम बढ़ता है, हालांकि आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। डायलिसिस एक जीवन रक्षक उपचार है, खासकर उन मरीजों के लिए जिनकी किडनी काम करना बंद कर देती है। सामान्य स्थिति में किडनी खून से अपशिष्ट और अतिरिक्त तरल बाहर निकालती है, लेकिन जब यह प्रक्रिया बाधित हो जाती है तो डायलिसिस मशीन वह कार्य करती है। निजी अस्पतालों में डायलिसिस तीन से चार हजार रुपये में होती है। वहीं सरकारी अस्पतालों में यह काफी सस्ती है। चमियाणा अस्पताल में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में किडनी के मरीज शिमला आते हैं, ऐसे में अगर नई मशीनें समय से स्थापित होती हैं तो स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम होगा और उपचार अधिक सुगम हो सकेगा।

**▌मरीजों को जाना होगा आईजीएमसी**
**▌मशीनों को स्थापित करने में लग रहा समय**




> **चमियाणा** में डायलिसिस मशीनों के स्थापित होने का कार्य चला हुआ है। अभी इस सुविधा को शुरू करने में थोड़ा समय लगना है। जैसे ही मशीनें स्थापित होंगी, उसके बाद तुरंत मरीजों को सुविधा मिलनी शुरू होगी।
>
> **-डॉ. सुधीर शर्मा**, एमएस, चमियाणा अस्पताल।

# एचपीयू के छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में झटका दूसरा स्थान

हिमाचल दस्तक ▌शिमला

**नई** दिल्ली में आयोजित आईएपीपीडी की दो दिवसीय राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जहां कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हिमाचल विश्वविद्यालय की टीम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विश्वविद्यालय की ओर से डीन स्टूडेंट वेलफेयर के माध्यम से भेजे गए प्रतिभागी रॉबिन ठाकुर और राधिका शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों प्रतिभागियों ने अपने विचार स्पष्ट और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए, जिससे निर्णायक मंडल भी काफी प्रभावित हुआ। टीम के साथ इंचार्ज के रूप में डॉ. मदन झाल्टा मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे समय टीम का मार्गदर्शन किया।

**▌राष्ट्रीय स्तर पर किया शानदार प्रदर्शन प्रदेश का नाम किया रोशन**

**उपविजेता रहने पर टीम को 60 हजार की इनामी राशि मिली**

**प्रतियोगिता में उपविजेता रहने पर टीम को 60 हजार रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। इस उपलब्धि पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के वीसी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह राशि उनके लिए सिर्फ हजारों में नहीं, बल्कि करोड़ों के बराबर है। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण और भावुकक्षण बताया। वीसी ने कहा कि छात्रों की यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि से यह साबित होता है कि प्रदेश के युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।**

# एचपीयू को मिला 79.70 लाख रुपये का पीएम विकास प्रोजेक्ट

हिमाचल दस्तक ▌शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से 79,70,475 रुपये की लागत वाला पीएम विकास प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ है। इस उपलब्धि के बाद वीसी प्रो. महावीर सिंह ने प्रोजेक्ट टीम के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और उन्हें बधाई दी। वीसी प्रो. महावीर सिंह ने कहा कि यह प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो न केवल कौशल आधारित शिक्षा को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। उन्होंने टीम के समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने विशेष रूप से रसायन विभाग के डॉ. रमेश ठाकुर के नेतृत्व में कार्य कर रही टीम की सराहना की और कहा कि उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण ही विश्वविद्यालय को यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट प्राप्त हुआ है। वीसी ने भरोसा जताया कि टीम इस प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक लागू करेगी और निर्धारित समय सीमा में इसके लक्ष्यों को हासिल करेगी। बैठक के दौरान वीसी ने प्रोजेक्ट के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठा सकें। इस प्रोजेक्ट के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के 300 छात्रों को विभिन्न रोजगारपरक कोर्सों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें सोलर साइट सर्वे असिस्टैंट, सोलर पीवी मॉड्यूल मैन्यफेक्चरिंग तकनीशियन और सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्नीशियन जैसे कोर्स शामिल हैं।



**▌300 छात्रों को विभिन्न रोजगारपरक कोर्सों का दिया जाएगा प्रशिक्षण**
**▌वीसी प्रो. महावीर सिंह बोले- कौशल आधारित शिक्षा को मिलेगा नया बल**

# आज अष्टमी और रामनवमी का बना विशेष संयोग

**शिमला।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर वीरवार को अष्टमी और श्री रामनवमी का विशेष संयोग बन रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा जा रहा है। आज एक ओर मां दुर्गा के गौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जा रही है, वहीं दूसरी ओर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भी पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दुर्गा अष्टमी उदया तिथि के आधार पर मनाई जा रही है। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा कर रहे हैं और कन्या पूजन के लिए सुबह 6:18 से 7:50 बजे और 10:55 से 11:49 बजे तक का समय विशेष शुभ माना जा रहा है। इसी दिन श्रीरामनवमी भी मनाई जा रही है। भगवान श्रीराम के जन्म का समय मध्याह्न में होने के कारण वीरवार दोपहर को विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। राम जन्म का मुख्य क्षण दोपहर 12: 25 से 12:27 बजे के बीच माना जा रहा है, जबकि पूजा का शुभ समय सुबह 11:13 बजे से दोपहर 1:41 बजे तक रहेगा। इस दौरान मंदिरों में भजन-कीर्तन और विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 27 मार्च को महा नवमी मनाई जाएगी। इस दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का विशेष महत्व है और श्रद्धालु व्रत का पारण भी करेंगे। पंडित उमेश चंद्र नौटियाल ने कहा कि वीरवार का दिन बेहद शुभ है, क्योंकि अष्टमी और रामनवमी का एक साथ पड़ना दुर्लभ संयोग माना जाता है। वीरवार के दिन विधि-विधान से कन्या पूजन, हवन और भजन-कीर्तन करने का बहुत महत्व है। जो श्रद्धालु सच्चे मन से पूजा-अर्चना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।


## पोर्टस भर्ती

1. 136 (आई) इंफेन्ट्री बिग्रेड ग्रुप पोर्टर कम्पनी, **179 दिनों** की अवधि के लिए संविदात्मक (अस्थाई) आधार पर 600 सिविल मजदूरों (पोर्टस) को भर्ती करेगा।

**2. पात्रता मानदण्ड :-**

**(क)** भारत का पुरुष नागरिक हो। **(ख)** उसकी आयु 10 अप्रैल 2026 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो। **(ग)** वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रस्त न हो। **(घ)** वह मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड / प्रमाण पत्र धारक हो। **(ड़)** उसे कभी कोई कारावास नहीं हुआ हो (व्यक्तिगत द्वारा इस संबंध में स्थानीय पुलिस स्टेशन से चरित्र प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा)।

**3.** पोर्टस का पंजीकरण ऑनलाईन होगा (136himachalhillportercompany.org) की वेबसाइट पर नामांकन की तिथि से प्रारम्भ होकर 10 दिन तक मान्य रहेगा। **4.** परीक्षा स्थान - अवैरी पट्टी, रामपुर बुशहर जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)। **5.** साक्षात्कार का समय - 10 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 को प्रातः 08:00 बजे 14:00 बजे तक। **6.** प्रवेष पत्र आबंटित - 6 अप्रैल 2026। **7.** परीक्षा फल घोषित - 18 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

**8. व्यक्ति द्वारा लाए जाने वाले अनिवार्य दस्तावेज :-**

**(क)** जन्म व शिक्षा प्रमाण पत्र मूल और साथ तीन छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा। **(ख)** आधार कार्ड मूल और प्रवेश पत्र की 03 छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा जो स्वयं द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो। **(ग)** बैंक पासबुक मूल एवं साथ दो फोटो कॉपी (केवल स्टेट बैंक या पंजाब नैशनल बैंक) **(घ)** जन धन बैंक खाता स्वीकार्य नहीं होगा। **(ड़)** निवास प्रमाण पत्र मूल एवं एक छाया प्रति एवं चयन होन के पश्चात 10 राजस्व टिकट लाना अनिवार्य है। **(च)** मोबाइल नम्बर अपना और अपने NOK का देना अनिवार्य होगा।

**फोटोग्राफ :- (i) व्यक्तिगत की फोटो (रंगीन) : 06, (ii) एन. ओ. के. (रंगीन) : 04**

**(छ)** 01 जनवरी 2026 के पश्चात राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र। **(ज)** पुलिस स्टेशन से पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र, जो 01 फरवरी, 2026 से पहले का न हो।

**9. सुनिश्चित वेतन एवं भत्ता व अन्य सुविधाएं :-**

**(क) वेतन व भत्ता :-**

| कम सं. | श्रेणी | मूल वेतन (Rs.) | डी. ए. | फील्ड भत्ता | कुल वेतन (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पोर्टर | 18000/- | 13320/- | 2700/- | 34020/- |

**नोट :-** ऊपर उल्लिखित मजदूरी परिवर्तन के अधीन है, क्योंकि इसकी गणना भारत सरकार (GOI) के नियमों के अनुसार अनुमानित महंगाई भत्ता) और अन्य भत्तों के आधार पर की गई है।

**(ख) राशन :** व्यक्ति को आपॅरेशनल/फील्ड/मॉडिफाईड/फिल्ड एरिया में सेवा के दौरान कम्बेटेंट सैनिकों के मापक के अनुसार पर निःशुल्क राशन प्रदान किया जाएगा। **(ग) चिकित्सा सुविधाएं :** व्यक्ति को कार्य के दौरान व्यक्तिगत चोटिल होने या गंम्भीर बिमारी से ग्रसित होने पर सैन्य व सिविल अस्पताल में केवल स्वयं के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाएगा। **(घ) अनुशासन :** संविदा अवधि के दौरान, वह व्यक्ति सेना अधिनियम व नियमों के अधीन होगा। और सैन्य संचालन की आवश्यकतानुसार 24 घण्टे कार्य हेतु उपस्थित रहना होगा। **(ड़)** कुछ ऐसे पद जो कि आर्टेसियन कंट्रक्शन, ऑपरेटर्स, कारपेंटर्स, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, वेल्डर, फिटर और निर्माण कार्य करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता दी जायेगी। **(च)** साईबर सुरक्षाः चयनित अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि उसे सेना सुरक्षा सम्बन्धी जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होते है वह उनका अनुपालन करेगा व सेना कि सूचना किसी भी शोशल मिडिया के साथ साझा नही करेगा। और किसी भी राष्ट्रविरोधी संस्था का हिस्सा नही बनेगा। **(छ)** अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पॉलिसी पहले ही की गई है और बीमा भुगतान की एक छाया प्रति अपने साथ लाना अनिवार्य होगा।


# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में जेंडर समावेशन पर कार्यशाला का आयोजन

हिमाचल दस्तक ▌शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र द्वारा इंटीग्रेटिंग जेंडर इन करिकुलम एंड रिसर्च विषय पर एक दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को पीएम-उषा के अंतर्गत वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रो. जोगिंद्र एस. धीमान (डीन, प्लानिंग एवं टीचर्स मैटर्स) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और शोध में जेंडर समानता को शामिल करना समय की आवश्यकता है, जिससे समाज में समावेशी और संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति में जेंडर समावेशन एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिसे प्रभावी रूप से पाठ्यक्रम में लागू किया जाना चाहिए। वहीं प्रो. नीलिमा कंवर ने कहा कि भाषा और साहित्य के माध्यम से समाज में जेंडर संवेदनशीलता को और मजबूत बनाया जा सकता है। इस अवसर पर महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र की निदेशक प्रो. अपर्णा नेगी ने कहा कि जेंडर समानता केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने शोधार्थियों और युवा शिक्षकों को अपने अध्ययन और शोध में जेंडर दृष्टिकोण को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया, ताकि समाज में जेंडर सशक्तिकरण और न्याय की स्थापना हो सके। रिसोर्स पर्सन के रूप में आचार्य मीनाक्षी फेथ पॉल और आचार्य केके शर्मा ने प्रतिभागियों को जेंडर विषयों, भाषा के सही प्रयोग और संवेदनशील दृष्टिकोण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शोधार्थियों और युवा संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को शिक्षा और अनुसंधान में जेंडर आधारित दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से शामिल करने के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ।



**▌कार्यक्रम में 130 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

## वीसी प्रो. महावीर सिंह ने शोधार्थियों व प्राध्यापकों के साथ किया विशेष संवाद


**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग अध्ययन विभाग में वीसी प्रो. महावीर सिंह ने शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ विशेष संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में योग और आधुनिक विज्ञान के बीच संबंध को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। वीसी ने कहा कि आज के समय में पारंपरिक योग ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों, विशेषकर मैग्नेटिक नैनो टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रयास न केवल शोध को नई दिशा देंगे, बल्कि समाज को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने शोधार्थियों को नए विषयों पर काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से क्वांटम एंटैंगलमेंट जैसे जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को योग के दृष्टिकोण से समझने पर जोर दिया, ताकि अंतः विषय शोध को बढ़ावा मिल सके। वीसी ने मैग्नेटिक फोर्स और प्राणिक ऊर्जा के बीच संबंध को भी समझाया। वीसी ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर और मन के बीच संतुलन स्थापित किया जा सकता है। यदि इस संतुलन को आधुनिक नैनो टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा जाए, तो यह भविष्य में समग्र स्वास्थ्य और रोगमुक्त जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी गुप्ता, डॉ. सत्यप्रकाश पाठक, डॉ. बिशंबर सिंह रंजन सहित विभाग के सभी शोधार्थी और प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### रामपुर कॉलेज में आपदा न्यूनीकरण योजना पर पीपीटी प्रस्तुति का आयोजन

# छात्रों ने प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के दिए सुझाव

हिमाचल दस्तक ▌रामपुर बुशहर

**रामपुर** कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा भूगोल विभाग में आपदा न्यूनीकरण योजना विषय पर पीपीटी प्रस्तुति आयोजित की गई। यह कार्यक्रम डॉ. जितेंद्र सहानी, भूगोल संकाय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टलों का फील्ड सर्वेक्षण कर तैयार की गई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस आधार पर उन्होंने आपदा न्यूनीकरण योजना तैयार की। इसमें आपदाओं के प्रकार, उनके कारण, प्रभाव तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ और आग जैसी संभावित आपदाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी सुझाव भी दिए। डॉ. जितेंद्र सहानी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक सर्वेक्षण और प्रस्तुति से विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन के प्रति समझ और जिम्मेदारी दोनों विकसित होती हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सुझावों को आगे और बेहतर बनाने पर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।





## OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION BADDI DISTRICT - SOLAN (H.P.)

**NO. MCBADDI/CIVIL/03/2026/ 2864-2870, Dated:- 23-03-2026**

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

**Commissioner, Municipal Corporation, Baddi** do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:-

| Sr. No. | Name of work | Est. Cost ( in Rs.) |
|---|---|---|
| 1. | Widening of Baddi Sai Road along with construction of drains under Municipal Corporation Baddi. | 8,63,41,351/- |

The tender can be filled online **25-03-2026 till 06-04-2026 till 10:00 AM** and physical deposited till **06-04-2026 till 05:00 PM.** Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government :- https://hptenders.gov.in or can be seen at any working day in the office of Municipal Corporation Baddi during working hours.

**Sd/- Commissioner**
**Municipal Corporation Baddi, Distt. Solan (H.P.)**



किरण चौधरी

"आज के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद दूंगी कि उनकी कूटनीति के कारण हमारे तेल के टैंकर भारत पहुंचे हैं। यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है कि हम आत्मनिर्भर बनें।



आतिशी सिंह

देश में गैस सिलिंडर के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। बीजेपी सरकार ने वादा किया था कि होली और दिवाली पर फ्री गैस सिलिंडर मिलेगा, लेकिन इन्होंने तो दिल्ली क्या देश से ही सिलिंडर गायब कर दिया है।"

हिमाचल दस्तक TV



# एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम एक शानदार उपलब्धि



ज्योत्सना गोविल
*लेखिका इंडियन कैंसर सोसायटी, दिल्ली शाखा की अध्यक्ष हैं*

भारत का सुनियोजित और प्रभावी अभियानों के जरिये गंभीर बीमारियों के बोझ को खत्म करने का एक लंबा इतिहास रहा है। 1950 के दशक में चेचक उन्मूलन से लेकर हाल ही में चलाए गए पल्स पोलियो अभियानों तक, ये अभियान सफलता के लिए तैयार किए गए थे। वहीं अनुशासन और जनविश्वास अब एचपीवी टीकाकरण की सफलता का रास्ता तय करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर में 28 फरवरी को एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम का शुभारंभ गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए जन स्वास्थ्य की दिशा में एक शानदार उपलब्धि है...

**प्रधानमंत्री** द्वारा अजमेर में 28 फरवरी को एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम का शुभारंभ गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए जन स्वास्थ्य की दिशा में एक शानदार उपलब्धि है। टेलीविजन पर इस कार्यक्रम को देखते हुए, मैं नरेंद्र मोदी के युवा लड़कियों से बातचीत करने के तरीके से व कार्यक्रम को मानवीय रूप देने से बेहद प्रभावित हुई।

भारत का सुनियोजित और प्रभावी अभियानों के जरिये गंभीर बीमारियों के बोझ को खत्म करने का एक लंबा इतिहास रहा है। 1950 के दशक में चेचक उन्मूलन से लेकर हाल ही में चलाए गए पल्स पोलियो अभियानों तक, ये अभियान सफलता के लिए तैयार किए गए थे। वही अनुशासन और जनविश्वास अब एचपीवी टीकाकरण की सफलता का रास्ता तय करेंगे।

मैं केंद्र और राज्य सरकारों की इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करती हूं।

इंडियन कैंसर सोसायटी लंबे समय से सर्वाइकल कैंसर से होने वाले नुकसान को लेकर चिंतित है। फाइलों में दर्ज आंकड़े हमारे लिए महिलाओं की वास्तविकता को दर्शाते हैं। हम जानते हैं कि एक मां की मृत्यु से परिवार बिखर जाते हैं। हम उस दर्द से भी वाकिफ हैं, जिसे महिलाएं चुपचाप सहती हैं। अधिकतर महिलाओं को इलाज केंद्रों तक तभी ले जाया जाता है, जब बीमारी लाइलाज हो चुकी होती है।

महिलाएं खुलकर शिकायत नहीं करतीं। वे अपने गुप्तांगों में होने वाले दर्द के बारे में आसानी से नहीं बतातीं। जब सस्ते होने के कारण 'दृश्य निरीक्षण' की सलाह दी जाती है, तो हमें लगता है कि यह एक महिला की गरिमा से समझौता है। जब 1950 के दशक से ही यूरोप और अमेरिका में पैप स्मीयर जैसे बेहतर और अधिक वैज्ञानिक परीक्षणों ने स्क्रीनिंग, निदान और परिणामों में क्रांतिकारी बदलाव ला दिए थे, तो हम केवल सस्ते होने के कारण कम प्रभावी तरीकों पर निर्भर क्यों रहें? क्या भारतीय महिलाओं का जीवन कम कीमती है?

इंडियन कैंसर सोसायटी ने पैप टेस्ट और अब एचपीवी डीएनए स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए धन जुटाया। हम थर्मल एब्लेशन द्वारा घावों की पहचान और उपचार के लिए द्वितीयक स्क्रीनिंग करते हैं। हम उन महिलाओं को भी वित्तीय मदद प्रदान करते हैं, जिनका कैंसर इन सरल उपायों से आगे बढ़ चुका है। लेकिन एक इलाज योग्य संक्रमण को इतनी विनाशकारी बीमारी में बदलने ही क्यों दिया जाए?

एचपीवी वैक्सीन 2008 से ही ज्ञात है और भारत में इसे 2010 में लॉन्च किया गया था। गुजरात और आंध्र प्रदेश में अभियान शुरू किए गए, जहां तीन खुराक वाला शेड्यूल लागू किया गया। 9 से 14 वर्ष की आयु की कई हजार लड़कियों को टीका लगाया गया।

फिर एंटी-वैक्सीन आंदोलन शुरू हो गया। आत्महत्या, डूबने और ट्रेन दुर्घटनाओं की भयावह कहानियां व्यापक रूप से फैल गईं। ये दुःखद घटनाएं किसी भी तरह से वैक्सीन से कैसे संबंधित थीं, यह मेरे लिए अभी भी स्पष्ट नहीं है। एहतियात के तौर पर बड़े पैमाने पर उत्पादन करने का शुरुआती अवसर स्थगित करना पड़ा। हालांकि, एक अच्छी बात यह थी कि शोध पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया। सैकड़ों लड़कियों को पूरी खुराक न मिलने के कारण, शोधकर्ताओं को दीर्घकालिक फॉलोअप का एक मूल्यवान अवसर मिला। जिन लड़कियों को टीके की एक ही खुराक मिली, वे उन लड़कियों की तरह ही स्वस्थ होकर बड़ी हुईं, जिन्हें टीके की दो या तीन खुराकें मिली थीं, जिससे आज के सरलीकृत कार्यक्रम की नींव पड़ी।

कई दिग्गज इस शोध में शामिल रहे हैं, जिनमें डॉ. पार्थ बसु (आईएआरसी डब्ल्यूएचओ) भी शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत से भविष्य में करीब दस लाख सर्वाइकल कैंसर के मामलों को रोका जा सकता है। 17,729 लड़कियों पर 15 वर्षों से अधिक समय तक किए गए दीर्घकालिक भारतीय शोध से पता चला है कि यह टीका काफी सुरक्षित है और इसकी एक खुराक ही प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है। उनका कहना है कि सरल वितरण प्रणाली और व्यापक कवरेज के साथ, भारत भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के बोझ को काफी हद तक कम कर सकता है।

मैं दिवंगत डॉ. शंकर नारायण को नमन करती हूं, जिनके वर्षों के निरंतर शोध ने बेहतर परिणाम दिए हैं और डॉ. बसु को इन दीर्घकालिक अध्ययनों को जारी रखने के लिए धन्यवाद भी देती हूं। उनके कार्य, पीएटीएच और अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों तथा राष्ट्रीय शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अन्य कार्यों ने प्रभावकारिता और सुरक्षा दोनों में विश्वास को मजबूत किया है।

वैश्विक अनुभव इस विश्वास को और पुख्ता करता है। ऑस्ट्रेलिया में, सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्कूल-आधारित एचपीवी टीकाकरण 2007 में शुरू हुआ, बाद में लड़कों तक विस्तारित हुआ और साल 2023 में एकल-खुराक कार्यक्रम में बदल गया। जैसा कि प्रोफेसर डेबोरा बेटसन ने बताया है, 2021 में 25 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का कोई मामला सामने नहीं आया, जो रिकॉर्ड शुरू रखने के बाद पहली बार हुआ है। यह उपलब्धि व्यापक रूप से निरंतर उच्च टीकाकरण कवरेज के कारण हासिल हुई है।

हांगकांग एक और उदाहरण पेश करता है। स्कूल-आधारित टीकाकरण, कैच-अप कार्यक्रमों और अभिनव स्व-नमूना स्क्रीनिंग पहलों के जरिये कवरेज में लगातार सुधार हुआ है। कैथरीना रीमर और डॉ. करेन चान ने बताया है कि कैसे प्राथमिक विद्यालय की लड़कियों के लिए मुफ्त टीकाकरण, मजबूत कार्यान्वयन अनुसंधान और विस्तारित स्क्रीनिंग पहुंच ने हांगकांग को डब्ल्यूएचओ के उन्मूलन लक्ष्यों के अनुरूप बना दिया है।

आइए हम उनकी सफलता की कहानियों में अपना भी योगदान दें। आइए हम बेटियों का टीकाकरण करें और माताओं की स्क्रीनिंग करें। योजना, कवरेज और जनविश्वास के साथ, हम डब्ल्यूएचओ के सर्वाइकल कैंसर को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में खत्म करने के आह्वान को पूरा कर सकते हैं।

भारत में राष्ट्रीय टीकाकरण प्रणालियों में टीकों को शामिल करना अकसर वैज्ञानिक जांच, आपूर्ति गारंटी और कार्यक्रम संबंधी तैयारियों के कारण समय लेने वाला होता है। हालांकि, जरूरी बातों पर सोच-समझकर ध्यान दिया गया है और इस बात का पुख्ता आश्वासन है कि एक बार लागू होने के बाद वे विफल नहीं होंगे।

कैंसर को शुरुआत से पहले ही रोकना दूरदर्शिता का एक असाधारण उदाहरण है और भारत सरकार की इस नैतिक स्पष्टता की सराहना की जानी चाहिए। इसके साथ ही यह उम्मीद भी की जाती है कि टीकाकरण के होने से स्क्रीनिंग और जागरूकता का सफर न रुके व आने वाली पीढ़ियां इस पल को भारत द्वारा रोकथाम को प्राथमिकता देने के रूप में याद रखें और भारत पोलियो और चेचक की तरह ही यहां भी एक सफल उदाहरण बनकर उभरे।




## हरीश राणा... इच्छामृत्यु और मां-बाप का दर्द

**हरीश** राणा... वो चेहरा जिसे कुछ दिन पहले तक कोई नहीं जानता था। आज सबकी जुबान पर उसका ही नाम है। उसकी आत्मा की शांति के लिए सभी प्रार्थना कर रहे हैं। जिसके ठीक होने की आस में मां-बाप 13 साल तक इंतजार करते रहे। इंतजार भी ऐसा कि आंखों से आंसू सूख गए लेकिन उम्मीद की किरण कहीं भी नजर नहीं आई। बच्चे की जिंदगी के लिए तो भगवान के दर न जाने इन्होंने कितनी बार हाजिरी भरी। इसके बावजूद करीब-करीब डेढ़ दशक तक निराशा ही हाथ लगी। आखिरकर एक दिन ऐसा भी आया जब दुखी मन से मां-बाप को सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर जाना पड़ा। बच्चे के इलाज के लिए आर्थिक मदद या फिर अन्य किसी प्रकार की सहायता के लिए नहीं बल्कि बेटे की इच्छामृत्यु के लिए। कम से कम उसे ऐसी जिंदगी से छुटकारा तो मिल जाए। इस मामले में फैसला सुनाने में सुप्रीम कोर्ट के जजों की आंखें भी भर आईं। परंतु इसके अलावा कोई और रास्ता न दिखने पर इसके लिए हामी भरनी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अनुसरण करते हुए दिल्ली के एम्स में गाजियाबाद के हरीश राणा के जीवन रक्षक उपकरण धीरे-धीरे हटाने शुरू कर दिए गए थे। मां-बाप को इस बीच भी भगवान से किसी चमत्कार की उम्मीद बंधी रही लेकिन अफसोस ऐसा कुछ भी नहीं हो पाया। पिछले एक सप्ताह तक बिना खाना और पानी के सांसें ले रहे हरीश ने मंगलवार को प्राण त्याग दिए। बेटे की सेवा में मां-बाप इतनी सुध-बुध खो चुके थे कि उन्हें पता ही नहीं चला कि वक्त के थपेड़ों के बीच उन्होंने कब बुढ़ापे की दहलीज को पार कर लिया। वर्ष 2013 से पहले ये पूरा परिवार सुखमय जीवन व्यतीत कर रहा था। लेकिन 20 अगस्त का दिन ऐसा आया कि सबकुछ उथल-पुथल हो गया। चंडीगढ़ में पेइंग गेस्ट हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने की वजह से सिर में गंभीर चोटें आ गई थीं। इसके बाद इस युवक ने ऐसा बिस्तर पकड़ा कि दोबारा खुद के दम पर उठ ही नहीं पाया। हरीश करीब-करीब 100 प्रतिशत दिव्यांगता का शिकार हो चुका था। आजकल के वक्त में तो कोई ज्यादा से ज्यादा एक या दो साल तक अपनों की सेवा करने के बाद हाथ खड़े कर देता है। लेकिन हरीश के परिवार ने हिम्मत नहीं हारी। एक दशक से ज्यादा समय तक वे निरंतर जूझते रहे। पर एक समय ऐसा भी आया जब मां-बाप भी थक-हार बैठे। बेटे की सेवा से नहीं बल्कि उसकी हालत देखकर। इसकी सिर्फ सांसें चल रही थीं लेकिन शरीर का कोई भी हिस्सा सही से काम नहीं कर पा रहा था। हरीश के आखिरी सांस लेने तक मां-बाप उसके साथ ही रहे। ये वो क्षण था जिसकी किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि बच्चा सामने दम तोड़ रहा है और मां-बाप पूरी तरह से लाचार। परिजनों को इस सदमे से उबरने में कई साल गुजर जाएंगे। अपने बच्चे के साथ बिताया एक-एक पल उन्हें बार-बार याद आएगा। लेकिन अफसोस अब सबकुछ यादों में ही सिमटकर रह गया। देश ऐसे माता-पिता के जज्बे को सलाम कर रहा है।

## मत

### नेपाल की नई सरकार के कामकाज व विदेश नीति पर रहेगी दुनिया की नजर

**नेपाल** में 27 मार्च को गठित होने जा रही नई सरकार को लेकर नेपाली जनता में उत्सुकता का माहौल है। इसी के साथ हर वर्ग में आशा और विश्वास भी है। चारों ओर चर्चा है कि अब नेपाल को परिवर्तन की अनुभूति होगी। मायूसी और निराशा के बादल छटेंगे। 'अबकी बार बालेन सरकार' का नारा हर ओर गुंजायमान है। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल नवनियुक्त प्रधानमंत्री और मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। काठमांडू में जगह-जगह बालेन शाह, रवि लामी छाने और सुडान गुरुंग के पोस्टर लगाए गए हैं। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नई सरकार को सत्ता सौंपने की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के शपथ से पहले 26 मार्च को सभी सांसदों का शपथ ग्रहण होगा। गौरतलब है कि नेपाल करीब 400 सालों तक राजशाही के अधीन था। पृथ्वी नारायण शाह को नेपाल का जनक माना जाता है। राजशाही से मुक्ति के लिए राजनीतिक दलों ने यदा-कदा आंदोलन जरूर चलाया लेकिन इसमें कामयाबी 2008 में जनयुद्ध नाम से चले हिंसक आंदोलन के बाद मिली। माओइस्ट नेता प्रचंड और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सालोंसाल चले इस आंदोलन में करीब 5 हजार लोग मारे गए। राजा समर्थक राजनेताओं और जमींदारों के घर जलाए गए उनकी हत्याएं की गईं। इस भारी खून-खराबे से घबराए तत्कालीन नरेश ज्ञानेंद्र ने सत्ता त्यागने की घोषणा की। कहना न होगा नेपाल को लोकतंत्र के सूर्योदय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी। 2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव में अपूर्ण बहुमत के बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री बने लेकिन 9 माह बाद ही उन्हें सत्ता छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। उसके बाद 2026 में संपन्न हुए चुनाव तक नेपाल को अस्थिर और गठबंधन सरकार के बोझ सहने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान करीब 13 प्रधानमंत्री आए-गए। भ्रष्टाचार इस स्तर तक चरम पर पहुंच गया कि सत्ता और विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक के हाथ इसमें बंधे हुए मिले। नेपाली जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगी। भ्रष्ट सरकारों की श्रृंखला में केपी शर्मा ओली अंतिम प्रधानमंत्री साबित हुए जिसे दुनिया ने देखा कि किस तरह जेन-जी आंदोलनकारियों ने भारी अपमान के बीच सत्ता छोड़ने को मजबूर किया। इसके अलावा अन्य दूसरी पार्टियों के वरिष्ठ नेता किस कदर खेत-खेत भागकर अपनी जान बचा पाए, यह भी दुनिया ने देखा। किसी सरकार के प्रति जनता जब गुस्सा करती है तो उसका क्या हश्र होता है, नेपाली जनता ने यह कर दिखाया। बहरहाल उसके बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हुआ फिर 6 महीने बाद चुनाव हुआ और इस चुनाव में सर्वथा पहली बार नेपाल को पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब हुई। दरअसल नेपाली जनता को राजशाही से असल मुक्ति अब महसूस हुई लेकिन अनुभूति होना अभी बाकी है। प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेन शाह को कुछ साल तक महज एक नगर निगम को चलाने का अनुभव है जबकि संभावित गृहमंत्री रवि लामी छाने ओली सरकार में कुछ माह तक गृहमंत्री रहे हैं। अपेक्षाकृत कम अनुभवी इस सरकार के कामकाज के तरीकों, विदेश नीति, पड़ोसी देशों से रिश्ते को लेकर नेपाल से मोहब्बत करने वाले देशों में भारी उत्सुकता है।

–यशोदा श्रीवास्तव

# चंडीगढ़ : नाम बड़े दर्शन छोटे



निर्मल रानी
e-mail :
nirmalrani@gmail.com

**भारत** में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे 'सिटी ब्यूटीफुल' कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गई तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की जरूरत महसूस हुई। उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणामस्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णतः नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिजाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर, 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया। उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया।

लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटे गए चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधुनिक इमारतें हैं। यहां कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहां विद्युत, जल निकासी, नाले-नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है। यहां स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह 'पेंशनर्स पैराडाइज' भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था। आवासीय क्षेत्र, बाजार, जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है।

> चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जोकि अत्यंत दुःखद, शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे 'सिटी ब्यूटीफुल' के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहां के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ-सुथरे हैं परंतु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों से गुजरें तो आपको पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है...

परंतु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जोकि अत्यंत दुःखद, शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे 'सिटी ब्यूटीफुल' के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहां के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ-सुथरे हैं परंतु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाकों से गुजरें तो आपको पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा, राम दरबार कॉलोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाके ऐसे हैं जहां सड़कें खस्ता हाल हैं। गड्ढे हैं, जगह-जगह कूड़े का ढेर है। गाएं व सांडों का झुंड जगह-जगह घूमता व चौक-चौराहों पर डेरा जमाए नजर आता है। राम दरबार कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी, जाम नालियों और खराब सफाई प्रबंधन के कारण अपेक्षाकृत चंडीगढ़ के उपेक्षित इलाकों में गिने जाते हैं। 'राम दरबार वॉर्ड-19' की एक बड़ी आबादी वाली बस्ती है, जिसकी मूल सुविधाओं की हालत लगातार घटती जा रही है और समस्याएं दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं।

इसी राम दरबार की शान है एक प्राचीन सूफी स्थल दरबार, माता राम बाई जी, अम्मी हुजूर। चंडीगढ़ को पहचान देने वाला यह अकेला ऐसा स्थान है जो सर्वधर्म समभाव का मुख्य केंद्र है। इससे सटा हुआ एक सार्वजनिक शौचालय है जोकि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्मित व संचालित है। परंतु आश्चर्य की बात यह है कि इस शौचालय भवन में बिजली का कनेक्शन कटा हुआ है। इसलिए शौचालय के कर्मचारी गैरकानूनी तरीके से इधर-उधर से बिजली का तार जोड़कर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। इसी शौचालय के कर्मचारी ये भी बताते हैं कि उन्हें ठेकेदार कई-कई महीने तक तनख्वाह नहीं देता और हद तो ये है कि चंडीगढ़ के इसी सार्वजनिक शौचालय ने गंदगी, बीमारी व प्रदूषण फैलाने की वह इबारत लिखी है जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही कहीं देखने को मिले। लाखों रुपये खर्च कर किए गए इस निर्माण में शौचालय की सीवरेज प्रणाली शायद जाम हो गई है। लिहाजा यहां के कर्मचारियों ने शौचालय के पीछे व पवित्र दरबार भवन की दिशा में लगभग 20 फुट लंबा एक गहरा व खुला गड्ढा खोदकर उसी से सीवरेज को जोड़ दिया है। परिणामस्वरूप शौचालय की सारी गंदगी आगे बढ़ने के बजाय उसी गड्ढे में हर वक्त भरी रहती है और दुर्गंध फैलती रहती है।

इसी जगह पर कूड़े का ढेर भी पड़ा रहता है जो आम दिनों में प्रदूषण फैलाता है। परंतु इंतहा तो तब हो जाती है जब इन्हीं कूड़े के ढेरों में आग लग जाती है। कई बार अग्निशमक दस्ते के लोगों को आकर यह आग बुझानी पड़ी है। 1 जून, 2025 को डड्डू माजरा लैंडफिल साइट जोकि 45 एकड़ में फैला कूड़े का पहाड़ है यहां पर भयानक आग लग गई थी। यह आग तेज हवाओं के कारण तेजी से बड़े क्षेत्र में फैल गई थी। इस आग से निकलने वाले घने काले धुएं ने आसपास के रिहायशी इलाकों को घेर लिया था। लोगों में दहशत फैल गई थी लोगों का दम घुटने लगा था और सांस की तकलीफ और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गई थीं। उस समय आग बुझाने के लिए सेक्टर 38, 17, 32, रामदरबार और मनीमाजरा से एक दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड गाड़ियां लगाई गई थीं। यही घटना राम दरबार के सामने खुले मैदान पर पड़े कूड़े के ढेर पर कई बार हो चुकी है। चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद अभी भी यहां की बड़ी व घनी आबादी जिन समस्याओं का शिकार है उन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि चंडीगढ़ के नाम तो बड़े हैं परंतु दर्शन छोटे हैं।

*(ये लेखिका के निजी विचार हैं)*

## पाठकों के पत्र

### बेटियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता ठीक नहीं

**दुनिया** ही नहीं, बल्कि हमारा देश भी चांद तक पहुंच चुका है, लेकिन यहां अभी भी कुछ लोग बेटियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता रखते हैं। कुछ लोग तो ऐसे भी हैं अगर उनके घर बेटी जन्म लेती है तो वे ऐसे उदास हो जाते हैं कि जैसे पता नहीं उन पर कितनी आफत आ गई। ऐसी संकीर्ण मानसिकता वालों को एक बात याद रखनी चाहिए कि तुम्हारी माता भी तो किसी की बेटी है। अगर वो नहीं होती तो क्या तुम दुनिया में आ पाते? वर्ष में दो बार माता रानी के नवरात्र मनाए जाते हैं और नवरात्र की अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन करके हम माता रानी की कृपा पाते हैं। कन्या पूजन पर हम हलवा, पूरी, चने आदि चीजों को छोटी-छोटी कंजकों को देते हैं और बहुत खुश होते हैं। लेकिन ऐसी खुशी हमें तब भी मनानी चाहिए जब घर में बेटी जन्म ले। कुछ महिलाएं ऐसी भी होंगी जो नवरात्र पर व्रत रखती हैं और कन्या पूजन पर बहुत खुशी मनाती हैं लेकिन लड़कियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता रखती हैं। ऐसी महिलाओं से सवाल है कि ऐसे में आप कैसे अपनी नवरात्र पूजा को सार्थक बना सकती हैं। पहले अपनी घर की बेटियों को खुश करें फिर कन्या पूजन करें। आओ संकल्प लें कि हम बेटा-बेटी में कोई भेदभाव नहीं करेंगे, दोनों को एक बराबर अधिकार देंगे। इसी के साथ सभी को अपने घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा और उनका मान-सम्मान भी करना चाहिए, तभी माता रानी हमसे प्रसन्न होगी।

*-राजेश, सुजानपुर।*

# नफरत पर नियंत्रण और खुशहाल जीवन



ब्लॉग
-डॉ. राजेश के. पिलानिया

**नफरत** एक अत्यंत तीव्र और शक्तिशाली भावना है। यह व्यक्तियों, परिवारों, समाजों, देशों और अंततः पूरी दुनिया को प्रभावित करती है। नफरत से होने वाला नुकसान बहुत बड़ा होता है और जीवन के कई पहलुओं को छूता है। नफरत उस व्यक्ति को भी नुकसान पहुंचाती है जो इसे अपने भीतर रखता है और उस व्यक्ति को भी जिसकी ओर यह निर्देशित होती है। यह मानसिक शांति, संबंधों और समग्र भलाई को नुकसान पहुंचाती है। नफरत का प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता; यह परिवारों, समुदायों, समाजों और राष्ट्रों तक फैल जाता है। नफरत का प्रभाव गहरा और व्यापक होता है। इसके परिणाम गंभीर और लंबे समय तक रहने वाले होते हैं, जो हर स्तर पर लोगों को प्रभावित करते हैं और अंततः पूरी दुनिया को प्रभावित करते हैं।

अध्ययन बताते हैं कि नफरत उसे अपने भीतर रखने वाले व्यक्ति पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालती है। यह सकारात्मक भावनाओं को कम करती है और तनाव, चिंता तथा अवसाद को बढ़ाती है। नफरत विश्वास को तोड़ सकती है, संबंधों को नुकसान पहुंचा सकती है और लोगों को अकेलापन महसूस करा सकती है। यह निर्णय-क्षमता को भी धुंधला कर देती है और गलत फैसलों की ओर ले जा सकती है। शारीरिक रूप से, नफरत रक्तचाप बढ़ा सकती है और नींद से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकती है। मानसिक रूप से, यह शांति और सुकून छीन लेती है। जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति या समूह के प्रति नफरत रखता है, तो वह अंततः खुद को ही नुकसान पहुंचाता है।

नफरत का शिकार बनने वाले लोग और नफरत से जुड़े अपराधों के पीड़ित भी गहरे रूप से प्रभावित होते हैं। शोध बताते हैं कि नफरत से जुड़े अपराधों का प्रभाव अन्य प्रकार के अपराधों की तुलना में कहीं अधिक समय तक बना रह सकता है। यह भावना और इसके नुकसान नए नहीं हैं। नफरत और इसके नकारात्मक प्रभाव लंबे समय से मौजूद रहे हैं। नया यह है कि आज वैज्ञानिक उपकरणों की मदद से नफरत के नकारात्मक प्रभावों को पहले की तुलना में कहीं अधिक स्पष्ट रूप से देखा और मापा जा सकता है।

स्वयं पर पड़ने वाले इतने बड़े नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए यह सवाल उठता है कि क्या नफरत को अपने भीतर रखना वास्तव में सही है। अब समय आ गया है कि वास्तविकता की जांच की जाए और इस विनाशकारी भावना को कम करने का प्रयास किया जाए, यदि संभव हो तो इसे पूरी तरह समाप्त किया जाए। नफरत से निपटना कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। छोटे-छोटे और सरल कदम उठाकर तथा निरंतर प्रयास करते हुए, नफरत के प्रभाव से बाहर निकला जा सकता है। पहला कदम है इसके अस्तित्व और स्वयं पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को पहचानना। दूसरा कदम है नफरत के मूल कारण तक पहुंचना। तीसरा कदम है वास्तविकता की जांच करना और यह देखना कि नफरत का कारण कितना सही या जायज है। चौथा कदम है सुधारात्मक कार्रवाई करना। अपने हित में अपनी गलतियों को स्वीकार करना और दूसरों की गलतियों को क्षमा करना। साथ ही, यह स्पष्ट रूप से बताना भी जरूरी है कि ऐसी गलतियां दोबारा न दोहराई जाएं। क्षमा को कमजोरी नहीं समझना चाहिए; यह शक्ति की स्थिति से आनी चाहिए।

इसके बाद का कदम है भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए संवाद और विश्वास का निर्माण करना। इस जटिल भावना से उबरने के लिए पेशेवर सहायता भी ली जा सकती है। ये सरल लेकिन प्रभावी कदम नफरत को कम करने और नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। व्यक्ति अपने अनुभव और दृष्टिकोण के आधार पर इन कदमों में लगातार सुधार कर सकता है।

नफरत जैसी तीव्र भावना से निपटकर, व्यक्ति अपने भीतर की स्वतंत्रता के मार्ग में मौजूद एक बड़े बोझ और बाधा को हटा सकता है। नफरत की जगह प्रेम और करुणा को अपनाकर, व्यक्ति स्वयं के साथ और दूसरों के साथ अधिक मजबूत संबंध बना सकता है और इस तरह खुशी और कल्याण से भरे बेहतर जीवन की शुरुआत कर सकता है।

# नागल सकेती में पेयजल किल्लत 900 की आबादी प्रभावित

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कालाअंब

**औद्योगिक** क्षेत्र कालाअंब के साथ लगते नागल सकेती गांव में पिछले तीन दिन से पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची है, जिससे पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा है। इससे 900 की आबादी प्रभावित हो रही है।



हालांकि, जल शक्ति विभाग ने ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति करने वाली ट्यूबवेल स्कीम का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। बुधवार को कर्मी समेत लेबर काम में जुटी। स्थानीय ग्रामीण राम लाल, धर्म सिंह, सुंदर सिंह, सिंह राम, तेजा राम, लज्जा राम, लाल सिंह, बलबीर सिंह, पृथ्वी सिंह, सलिंदर सिंह, राम कारण और पूर्व प्रधान संजय कुमार आदि ग्रामीणों ने विभाग के प्रति गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि गांव के लिए कालाअंब के समीप एक ट्यूबवेल से जलापूर्ति होती है। गांव में सिर्फ स्थानीय निवासी ही नहीं, बल्कि आसपास की कई फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर भी रहते हैं, जिनकी संख्या करीब 350 के आसपास है। ऐसे में पानी की किल्लत से स्थिति और गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 3 दिन से घर में पानी की बूंद नहीं आई है। लोगों को बमुश्किल पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के लिए अपनी ही नहीं मवेशियों की प्यास बुझाना भी दूभर हो रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

▮ विभाग ने 3 दिन बाद शुरू किया मरम्मत कार्य ग्रामीणों में रोष

तकनीकी खराबी और लीकेज के कारण समस्या बनी हुई थी। बुधवार को हाइड्रा क्रेन की मदद से स्कीम की मरम्मत का कार्य शुरू किया। वीरवार तक पानी स्टोर कर लिया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी।

- ई. देवानंद पुंडीर
अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग।

## कालाअंब में बिजली बोर्ड की बड़ी कारर्वाई, 1.49 करोड़ की वसूली

# 16 औद्योगिक व 52 घरेलू डिफॉल्टरों के कनेक्शन काटे, बकायादारों में हड़कंप

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कालाअंब



**औद्योगिक** क्षेत्र कालाअंब में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने बिजली बिलों का भुगतान न करने वाले डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए सख्त कार्रवाई की है। बोर्ड की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। विशेष अभियान के दौरान बोर्ड ने औद्योगिक और घरेलू दोनों श्रेणियों में कुल 1 करोड़ 49 लाख 56 हजार 500 रुपये की बकाया राशि वसूलने में सफलता हासिल की है। विद्युत बोर्ड द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सबसे बड़ी कार्रवाई औद्योगिक क्षेत्र में की गई, जहां लंबे समय से बिजली बिल जमा न करने वाले 16 बड़े औद्योगिक डिफॉल्टरों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। इस कार्रवाई के बाद बोर्ड ने इन उपभोक्ताओं से 1 करोड़ 35 लाख 40 हजार 900 रुपये की बकाया राशि वसूल की। इसके अलावा बोर्ड ने घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं पर भी सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान 52 घरेलू डिफॉल्टरों के बिजली कनेक्शन काटे गए, जिनसे बोर्ड ने 14 लाख 15 हजार 600 रुपये की राशि रिकवर की। इस तरह कुल मिलाकर बोर्ड ने एक ही अभियान में 1 करोड़ 49 लाख 56 हजार 500 रुपये की बड़ी रिकवरी कर विभागीय राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। बोर्ड अधिकारियों ने साफ किया है कि बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और जो उपभोक्ता समय पर बिजली बिल जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली बिलों का समय पर भुगतान करें ताकि बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी स्थिति से बचा जा सके। कालाअंब जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई को बोर्ड की सख्त वित्तीय अनुशासन नीति के रूप में देखा जा रहा है। बोर्ड की इस पहल के बाद अन्य डिफॉल्टर उपभोक्ताओं में भी बकाया राशि जमा कराने की हलचल तेज होने की संभावना है।

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में बिजली बिलों का भुगतान न करने वाले डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। 16 औद्योगिक व 52 घरेलू डिफॉल्टरों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए, जिनसे कुल 1 करोड़ 49 लाख 56 हजार 500 रुपये की बकाया राशि वसूलने में सफलता मिली है।

- मुकेश सिंह, अधिशाषी अभियंता
बिजली बोर्ड नाहन।

# मेडिकल कॉलेज के लिए नया स्थान चुनना महज राजनीतिक पैंतरा: बिंदल

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ नाहन



▮ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उसे 'घोषणावीरों की टोली' करार दिया है। बुधवार को नाहन में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान बिंदल ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल दागते हुए कहा कि सत्ता के 40 महीने बीत जाने के बाद अब मेडिकल कॉलेज के लिए नया स्थान चुनना महज एक राजनीतिक पैंतरा और जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसा है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सरकार की नीयत साफ होती तो स्थान चयन का यह ड्रामा जनवरी 2023 में ही खत्म हो जाना चाहिए था, लेकिन सरकार ने जानबूझकर साढ़े तीन साल तक सिरमौर की जनता का कीमती वक्त बर्बाद किया। बिंदल ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस सरकार ने सत्ता संभालते ही बदले की भावना से स्कूल, तहसीलें, पटवार सर्किल और वेटरीनरी अस्पताल बंद करने में मिनट भर की देरी नहीं की, उसे मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन तलाशने में साढ़े तीन साल कैसे लग गए। डॉ. बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के उस बयान को आड़े हाथों लिया जिसमें उन्होंने कॉलेज निर्माण में 5 से 7 साल लगने की बात कही थी। बिंदल ने कहा कि यह स्वीकारोक्ति खुद सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है, क्योंकि यदि काम समय पर शुरू होता तो आज नाहन का संस्थान भी चंबा और हमीरपुर की तरह अपनी मंजिल के करीब होता। बजट के मकड़जाल को उजागर करते हुए उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य बजट को 3500 करोड़ से घटाकर 2868 करोड़ करना इस बात का सबूत है कि सरकार के पास निर्माण के लिए फूटी कौड़ी नहीं है और वह केवल वेतन बांटने वाली सरकार बनकर रह गई है।

# भियुंखरी स्कूल के बच्चों को एक्ट ह्यूमन फाउंडेशन की मदद से मिला नया भवन



हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ रामशहर

**राजकीय** उच्च विद्यालय भियूंखरी के नए भवन का उद्घाटन हुआ। इस स्कूल के लिए करीब 15 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध करवाने वाली एक्ट ह्यूमन फाउंडेशन की फाउंडर हरलीन कौर व उच्च शिक्षा विभाग सोलन के उपनिदेशक गोपाल चौहान ने संयुक्त रूप से स्कूल के 2 नए कमरों का उद्घाटन किया। बैंड बाजे के साथ दोनों ही मुख्यअतिथियों का स्वागत अभिनंदन स्कूली बच्चों और ग्रामीणों द्वारा किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। फाउंडेशन की फाउंडर हरलीन कौर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में भी वे स्कूलों के बेहतर निर्माण, उच्च गुणवत्ता शिक्षा के लिए हिमाचल में काम करती रहेंगी। उच्च शिक्षा विभाग सोलन के उपनिदेशक गोपाल चौहान ने भी फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन ने जिस तरह से बच्चों की समस्या को देखते हुए 6 माह के भीतर स्कूल भवन को तैयार कर समर्पित किया है वो काबिल-ए-तारीफ है।

# एआई आधारित मनोवैज्ञानिक चैटबॉट के लिए जेयूआईटी को मिला पेटेंट

हिमाचल दस्तक ▮ सोलन

**जेपी** यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विवविद्यालय की शोध टीम को उनके अभिनव सिस्टम 'मनोवैज्ञानिक चैटबॉट और वॉइस बॉट सिस्टम फॉर द ट्रीटमेंट ऑफ मेंटल इलनेसिस' के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है। यह अत्याधुनिक प्रणाली एआई-आधारित चैटबॉट और वॉइस इंटरफेस का उपयोग करते हुए मरीजों को सुलभ, किफायती और रीयल-टाइम मानसिक स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराती है। इसे विशेष रूप से प्रारंभिक हस्तक्षेप और निरंतर मनोवैज्ञानिक देखभाल के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा सके। इस शोध परियोजना का नेतृत्व डॉ. अमन शर्मा, प्रो. रजनी मोहना तथा छात्र शोधकर्ता संस्कृति प्रिया और श्रुति श्री ने किया। टीम ने मिलकर ऐसा समाधान विकसित किया है जो मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। छात्र शोधकर्ताओं की उपलब्धियां भी उल्लेखनीय रही हैं। श्रुति श्री (बैच 2025) वर्तमान में इनफॉर्मेशन एज इंडिया लिमिटेड में सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट के क्षेत्र में कार्यरत हैं, जबकि संस्कृति प्रिया (बैच 2025) को जस्केलर में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में नियुक्ति मिली है। जेयूआईटी के सीईओ मनु भास्कर गौर ने डॉ. अमन शर्मा और उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

▮ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में नई पहल

# बद्दी का वर्धमान चौक सर्वाधिक गंदगी से त्रस्त, नालियां भी लंबे समय से बंद: रणेश

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बद्दी



**सामाजिक** कार्यकर्ता दून जनहित मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. रणेश राणा ने कहा कि बद्दी का वर्धमान चौक सर्वाधिक गंदगी से त्रस्त हो चुका है। इस चौक पर जहां जाम लगा रहता है वहीं सारा दिन धूल के गुब्बार उड़ते रहते हैं। इस चौक को चौड़ा व विस्तारीकरण का मसला एक दशक से लंबित चला हुआ है और बीबीएनडीए को भी कई बार अवगत कराया गया। वर्धमान चौक से लेकर एफी चौक तक हरिपुर गुरुद्वारे भटौली तक जो मार्ग जाता है उसकी नालियां लंबे समय से बंद हैं और सड़क की हालत तीन साल से बहुत खस्ता हो चुकी है। बाद में यह एरिया बीबीएनडीए से शिफ्ट होकर नगर निगम की परिधि में आ गया लेकिन इसके दिन नहीं बदले। डॉ. रणेश राणा ने कहा कि जब हर घर से 50 रुपये स्वच्छता शुल्क वसूला जाता है तो कई चौक पर कचरे के ढेर क्यों विराजमान हैं। उन्होंने वर्धमान से थाना को जाने वाले रोड की बंद नालियों को दर्शाया और कहा कि नगर निगम इन नालियों को लंबे समय से साफ क्यों नहीं करवा रहा। पानी सड़कों पर बह रहा है और सड़क का वहां पर नामोनिशान ही नहीं बचा है। वहां पर वाहनों को मुडने व आगे पीछे होने में भी दिक्कतें आती हैं और एफी फार्मा चौक को भी चौड़ा नहीं किया गया है। उन्होंने नगर निगम बद्दी व बीबीएनडीए से आग्रह किया कि इन दोनों मुद्दों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

▮ सामाजिक कार्यकर्ता बोले- 50 रुपये स्वच्छता शुल्क का फायदा क्या

# राज्य में किसान आयोग का गठन प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक निर्णय: रवि शर्मा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बीबीएन



▮ हिमाचल किसान कांग्रेस के चेयरमैन ने बजट को सराहा

**हिमाचल** किसान कांग्रेस के चेयरमैन रवि शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के चौथे बजट की सराहना की। बजट में किसानों को विशेष राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि नालागढ़ और नाहन में 100 करोड़ की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट लगने से पशुपालकों की आय में भारी इजाफा होगा। कांगड़ा में भी 200 करोड़ की लागत से मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया जाएगा। वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट को हिमाचल किसान कांग्रेस के चेयरमैन रवि शर्मा ने ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें गरीब, मजदूर, किसान, बागवान सहित सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। रवि शर्मा ने कहा कि राज्य में किसान आयोग का गठन ऐतिहासिक निर्णय है। किसानों की आय में इजाफा करते हुए अदरक के लिए पहली बार 40 रुपये एमएसपी व हल्दी की खरीद 90 से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपये कर दी गई है। उन्होंने विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री को संतुलित बजट पेश करने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के साथ-साथ जीएसटी का वाजिब हिस्सा भी नहीं मिल रहा है।

# राहुल पहलवान ने कुश्ती प्रतियोगिता में हासिल किया स्वर्ण पदक

**पट्टा मेहलोग।** विकास खंड पट्टा की जगजीतनगर पंचायत से संबंध रखने वाले राहुल पहलवान ने ऊना में हुई अंडर 20 व 61 किलो ग्राम भार वर्ग की कुश्ती प्रतियागिता में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने जिला व गांव का नाम रोशन किया है। ऊना में हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ ने अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल लिया था। इस दौरान प्रदेशभर से लगभग 110 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें से 30 पहलवानों का चयन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जगजीतनगर के पहलवान राहुल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 61 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अब उनका चयन 10 से 12 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में होने वाली अंडर-20 राष्ट्रीय कूश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसमें वह हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके कोच और अंतरराष्ट्रीय पहलवान मनदीप मनु ने नैशनल टीम में चयनित होने पर राहुल को हार्दिक बधाई दी।

# जोगिंद्रा सहकारी बैंक की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक संपन्न, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

हिमाचल दस्तक ▮ सोलन



**जोगिंद्रा** केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को बैंक के मुख्य कार्यालय में चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा बैंक के प्रदर्शन और आगामी योजनाओं पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान चेयरमैन ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में बैंक का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष बैंक का ग्रॉस प्रॉफिट लगभग 36 करोड़ रुपये तथा शुद्ध लाभ करीब 25 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इसके अलावा बैंक का नेट एनपीए शून्य प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई गई, जबकि ग्रॉस एनपीए 19 करोड़ रुपये से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक के डिपॉजिट और ऋण वितरण में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। इस दौरान चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि बैंक की छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित अधिवक्ता के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट बार काउंसिल से उचित कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही भ्रामक एवं गलत जानकारी फैलाने के आरोप में सोलन पुलिस में भी शिकायत दर्ज करवाई गई है। बैठक में बैंक के निदेशक लाज किशोर, संजीव कौशल, पीतांबर नेगी, लक्ष्मी ठाकुर, रोशन ठाकुर, विजय ठाकुर तथा प्रबंध निदेशक पंकज सूद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल कल

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ नाहन

▮ जिला सिरमौर की लड़कों व लड़कियों की टीमों का होगा चयन

**सिरमौर** जिला बास्केटबाल संघ द्वारा राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला सिरमौर की लड़कों और लड़कियों की टीमों के चयन के लिए 27 मार्च को नाहन के चौगान मैदान स्थित बास्केटबाल ग्राउंड में ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी संघ के प्रवक्ता राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें जिला सिरमौर के इच्छुक और प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। यह ट्रायल आगामी राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो जिला हमीरपुर में संपन्न होनी है। प्रवक्ता राकेश कुमार ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे जिनकी जन्म तिथि पहली जनवरी 2008 के बाद की हो। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपने साथ आयु प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य होगा ताकि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और नियमों के अनुरूप पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला बास्केटबाल संघ का उद्देश्य जिला के उभरते खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान करना है ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व कर सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार भी जिला से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे आएंगे और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। राकेश कुमार ने बताया कि चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन, फिटनेस, तकनीक और खेल कौशल के आधार पर टीम का गठन किया जाएगा। इसके लिए चयन समिति मौके पर उपस्थित रहेगी।

# राजगढ़ में टीबी जागरूकता रैली, विद्यार्थियों ने नारे लगाकर लोगों को किया जागरूक




हिमाचल दस्तक ▮ राजगढ़

**स्वास्थ्य** विभाग के सौजन्य से टीबी (क्षय रोग) के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजगढ़ में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बीएमओ राजगढ़ डॉ उपासना शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई, जिसमें विद्यालयों के विद्यार्थियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली राजगढ़ के विभिन्न मार्गों से होकर बाजार क्षेत्र तक पहुंची, जहां विद्यार्थियों ने जागरूकता नारे लगाकर लोगों को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाते हुए आम लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन समय पर पहचान और सही उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

## विश्व टीबी दिवस पर हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# पोस्टर मेकिंग में निकिता ने झटका पहला स्थान

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कालाअंब



**हिमालयन** इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में विश्व टीबी दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नैशनल टीबी एलिमिनेशन प्रोग्राम के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) आरबी शर्मा ने तपेदिक (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर पहचान एवं उपचार के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में छात्रों की रचनात्मकता भी खुलकर सामने आई। पोस्टर मेकिंग, डिक्लेमेशन और रील मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं के जरिये प्रतिभागियों ने टीबी उन्मूलन का संदेश प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। पोस्टर मेकिंग में निकिता (चतुर्थ सेमेस्टर) ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मुस्कान और हर्ष दूसरे और कृतिका तीसरे स्थान पर रही। डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में मयंक (तृतीय वर्ष) ने बाजी मारी, जबकि मीनाक्षी (तृतीय वर्ष) और नितिन (प्रथम वर्ष) संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, आर्यन गुप्ता (द्वितीय वर्ष) तीसरे स्थान पर रहे। वहीं रील मेकिंग प्रतियोगिता में नितिन, पूनम, नंदिनी, भूमिका और उनकी टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि बी. फार्मा द्वितीय वर्ष की टीम आर्यन, मुस्कान, सरमन और अन्य दूसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया।

## न्यूज 1 नजर में

### 335 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**सोलन।** एमएमयू की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलोगड़ा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में 335 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, वाइस प्रिंसिपल डॉ. जेएस संधू, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. अमिता पूरी, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. किरण कुमार सिंघल तथा नैक को-ऑर्डिनेटर डॉ. जय गोपाल वोहरा ने शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### देहूंघाट के पास नाकाबंदी में 5.76 ग्राम चिट्टा बरामद, दो युवक काबू

**सोलन।** जिला पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए देहूंघाट के पास नाकाबंदी के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक कार को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसमें सवार दो युवकों के कब्जे से 5.76 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की आगामी जांच जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी इस नशे की खेप को कहां से लाए थे और इसे कहां सप्लाई किया जाना है। मामले की पुष्टि सोलन एसपी तिरुमलाराजू एसडी वार्मा ने की।

### कर्नल संजय शांडिल ने बीमार युवक को सहायता का दिया भरोसा

**कंडाघाट।** चायल क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगाली के 27 वर्षीय युवक अंकित कुमार, जिसकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं, की गंभीर स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं नेता कर्नल (डॉ.) संजय शांडिल ने हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। कर्नल शांडिल ने कहा कि युवक के उपचार के लिए सरकार तथा विभिन्न एनजीओ के माध्यम से आर्थिक व चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इस मौके पर चायल क्षेत्र के युवा नेता मनीष ठाकुर भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों द्वारा भी अंकित कुमार की मदद के लिए सहयोग एकत्रित किया जा रहा है।

### अर्की कॉलेज में एनसीसी फायरिंग प्रशिक्षण कैंप आयोजित

**अर्की।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में 1 एचपीबीएन एनसीसी सोलन के तत्वावधान में दो दिवसीय एनसीसी फायरिंग प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सैन्य कौशल का विकास करना था। शिविर का संचालन कॉलेज प्राचार्या सुनीता शर्मा के मार्गदर्शन में लेफ्टिनेंट अरुण ठाकुर, सूबेदार संजीव कुमार, हवलदार निर्मल सिंह एवं हवलदार सोहन सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के 42 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को हथियारों के सुरक्षित संचालन, बंदूक पकड़ने की सही विधि, लक्ष्य निर्धारण, ट्रिगर नियंत्रण तथा फायरिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही कैडेट्स में टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन की भावना को भी विकसित किया गया। शिविर के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच कैडेट्स का चयन किया गया।

### बीबीएन में कमर्शियल सिलिंडरों की कमी, एनआईए ने उठाया मुद्दा

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) में कमर्शियल सिलिंडरों की कमी को लेकर उद्योग जगत की चिंता सामने आई है। इस संबंध में नालागढ़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एनआईए) ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। एनआईए के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने इस विषय पर पत्र जारी कर बताया कि एसोसिएशन के कई औद्योगिक सदस्य वर्तमान में कमर्शियल सिलिंडरों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं, जिससे उनके दैनिक कार्यों और उत्पादन गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर क्षेत्र में कमर्शियल सिलिंडरों की पर्याप्त आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि उद्योगों को हो रही असुविधा दूर हो सके। एसोसिएशन ने इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप की अपेक्षा जताते हुए प्रशासन से सहयोग की मांग की है। एनआईए ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि समय पर समाधान नहीं होने की स्थिति में उद्योगों की कार्यप्रणाली पर दबाव बढ़ सकता है।

# सोलन हॉस्पिटल का कमाल : एक साल में 500 सफल ऑपरेशन

## आधुनिक लेप्रोस्कोपिक तकनीक से किए गॉल ब्लैडर की पथरी के 450 ऑपरेशन



तोमर ठाकुर ▮ सोलन

**सोलन** हॉस्पिटल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। भले ही यहां संसाधन सीमित हों, लेकिन डॉक्टर्स का हौसला काबिल-ए-तारीफ है। यहां सर्जरी विभाग ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एक वर्ष में 500 सफल ऑपरेशन कर नया माइलस्टोन स्थापित किया है। इनमें सबसे अधिक 450 ऑपरेशन गॉल ब्लैडर की पथरी के रहे, जिन्हें आधुनिक लेप्रोस्कोपिक तकनीक से सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। पहले जहां इन ऑपरेशनों के लिए पारंपरिक (टांके वाले) तरीके अपनाए जाते थे, वहीं अब लेप्रोस्कोपी तकनीक के आने से मरीजों को कम दर्द, जल्दी रिकवरी और कम जोखिम का लाभ मिल रहा है। यही कारण है कि अब मरीज ऑपरेशन से कतराने के बजाय समय पर इलाज के लिए आगे आ रहे हैं। हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने गॉल ब्लैडर के अलावा 30 ऑपरेशन अपेंडिक्स और हर्निया के भी किए हैं। सभी ऑपरेशन सफल रहे और मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस उपलब्धि में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा, डॉ. सौरभ शांडिल और डॉ. मुकुल शर्मा की अहम भूमिका रही। वहीं एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. हितेश का योगदान भी सराहनीय रहा।

### लेप्रोस्कोपी से बदली तस्वीर

**बताते** चलें कि हॉस्पिटल में डॉ. अंकित शर्मा के पदभार संभालने के बाद लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की शुरुआत हुई, जिसने सर्जरी विभाग की कार्यप्रणाली को नई दिशा दी। पहले आपात स्थिति में मरीजों को अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही आधुनिक उपचार उपलब्ध हो रहा है।

### जटिल ऑपरेशन भी हुए सफल

**सर्जरी** विभाग ने गायनी विशेषज्ञ डॉ. पियूष वोहरा के साथ मिलकर चार जटिल ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक किए। इसमें गॉल ब्लैडर की पथरी के साथ-साथ बच्चेदानी की रसौली (फाइब्रॉयड) निकालने जैसे जटिल मामलों को भी संभाला गया। यह टीम वर्क का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

### मरीजों की बढ़ती संख्या, लंबा इंतजार

**अस्पताल** में सर्जरी करवाने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि सामान्य ऑपरेशन के लिए मरीजों को मई तक की तारीख मिल रही है। हालांकि आपातकालीन मामलों में बिना देरी के तुरंत ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

> सर्जरी विभाग ने एक साल में 500 ऑपरेशन किए हैं। मरीजों को बेहतर सुविधा देने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।
>
> – डॉ. राकेश पंवर
> चिकित्सा अधीक्षक, आरएच सोलन।

# बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के परिणाम में आंचल ने प्रदेश में हासिल किया पांचवां स्थान

## अवस्थी इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग का परिणाम रहा सौ फीसदी



हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बीबीएन

**अटल** मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी की ओर से घोषित बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के परिणामों में अवस्थी इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि से पूरे संस्थान में खुशी की लहर है। आंचल शर्मा ने 10 में से 8.9 एसजीपीए के साथ 5वां स्थान प्राप्त किया। दीपांशी शर्मा ने 8.67 एसजीपीए के साथ राज्य स्तर पर 9वां स्थान हासिल किया। आस्था ने 8 एसजीपीए के साथ कॉलेज स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान का परिणाम शतप्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाता है। प्राचार्य प्रो. शुभा भारद्वाज ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान सदैव गुणवत्तापूर्ण नर्सिंग शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक ऋषव अवस्थी एवं रजत अवस्थी ने भी सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने की अपेक्षा व्यक्त की। संस्थान के चेयरमैन चंद्रशेखर अवस्थी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

### अवस्थी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की छात्रा आरती गुलेरिया ने चमकाया नाम

**नालागढ़।** अवस्थी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नालागढ़ की छात्रा आरती गुलेरिया ने अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित द्वितीय प्रोफेशनल परीक्षा में विश्वविद्यालय में 10वां स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन का परिणाम रही। संस्थान के प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान द्वारा उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई तथा आशा व्यक्त की गई कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार संस्थान का नाम रोशन करती रहेंगी।

# पौने 2 साल में सीएम एक बार आए नालागढ़, लेकिन नहीं दी कोई सौगात

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बीबीएन



▮ पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने पत्रकारवार्ता में लगाए आरोप

**नालागढ़** के पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने पत्रकारवार्ता के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि करीब पौने 2 साल के कार्यकाल में विधायक हरदीप बावा क्षेत्र के लिए एक भी विकास योजना स्वीकृत नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि करीब पौने 2 साल में मुख्यमंत्री एक बार नालागढ़ आए, लेकिन कोई सौगात नहीं देकर गए और उपमुख्यमंत्री पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत स्कीमों के शिलान्यास करके चले गए। केएल ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि करीब पौने 2 साल में विधायक कोई विकास योजना स्वीकृत नहीं करवा पाए, लोगों से किए वादे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि उन्होंने विधायक कार्यकाल में नालागढ़ सैनिक विश्राम गृह सहित विभिन्न पंचायतों के विकास के लिए करीब साढ़े 4 करोड़ रुपये स्वीकृत करवाए थे, लेकिन हरदीप बावा ने विधायक बनते ही कोई नई योजना स्वीकृत करवाने के बजाय इस स्वीकृति को रद्द करवा दिया, जिससे लोगों में रोष है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री ने जो 11 सिंचाई ट्यूबवेल का शिलान्यास किया, ये वर्ष 2022-23 की विधायक प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में बरूणा कॉलेज खुलवाने, रामशहर में बीडीओ कार्यालय खुलवाने व नालागढ़ अस्पताल को 200 बेड का बनाने आदि की स्वीकृति दिलवाई थी।

# देवली की सैर में एक परिवार पर गांव की सड़क रोकने का आरोप

हिमाचल दस्तक ▮ सोलन

▮ ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन
▮ बीडीओ को मामले की जांच के दिए निर्देश

**ग्राम** पंचायत बसाल के गांव देवली की सैर के ग्रामीण क्षेत्र में सड़क की समस्या को लेकर पूर्व प्रधान देवेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा से मिले। इस दौरान निववर्तमान प्रधान रीचा ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। ग्रामीणों ने उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें उन्होंने इस सड़क को लेकर आ रही परेशानी और शिकायत भी दी। ग्रामीणों ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 4 किमी दूरी पर देवली का सैर गांव है। यहां आज तक सड़क की कोई सुविधा नहीं है। क्षेत्र को भी सड़क की सुविधा मिले इसलिए ग्रामीणों ने हर परिवार से पैसा एकत्रित कर सड़क निकालने की योजना बनाई। इसमें डांगरी संपर्क मार्ग से देवली की सैर के लिए सड़क निकालने का निर्णय लिया गया। इस सड़क के निर्माण में भुलग गांव के एक परिवार की भूमि भी आती है, सड़क निकालने से पहले इस परिवार से उनकी पंचायत के उपप्रधान मदन ठाकुर के जरिये सड़क निकालने को लेकर बात की गई। इस दौरान उपप्रधान समेत संबंधित परिवार ने सड़क निकालने के लिए जगह का भी चयन किया था, जिसके बाद यहां से सड़क देवली की सैर गांव तक निकालने का कार्य शुरू किया और अब सड़क निर्माणकार्य पूरा हो गया है। लेकिन अब संबंधित परिवार इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही नहीं करने दे रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि इस सड़क पर पुली का निर्माण होना है, इसको लेकर टिप्पर इस मार्ग से गुजर रहे है, लेकिन इस परिवार की एक महिला गाड़ी के आगे बैठ जाती है, जिससे कार्य पूरा नहीं हो रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि इस परिवार ने अपनी जमीन तक सड़क निकालकर अपना लाभ लेकर अब आगे सड़क को रोक दिया है। उधर, इस पर उपायुक्त सोलन ने बीडीओ को इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं।

> मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। स्थिति का जायजा लेने के लिए बीडीओ को मौके पर भेजा जाएगा और दोनों पक्षों से बातचीत कर इस विवाद का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।
>
> - मनमोहन शर्मा
> डीसी, सोलन।

# क्रेच कार्यकर्ता व सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

हिमाचल दस्तक ▮ सोलन



**बाल** विकास परियोजना सोलन के अंतर्गत क्रेच कार्यकर्ता तथा सहायिका के रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार पहली अप्रैल को प्रातः 10 बजे बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन कविता गौतम ने दी। कविता गौतम ने कहा कि आंगनबाड़ी सह क्रैच केंद आईटीआई कॉलोनी के पर्यवेक्षक वृत सोलन शहरी, आंगनबाड़ी सह क्रैच केंद्र थाना-2 नजदीक डाईट के पर्यवेक्षक वृत्त सोलन शहरी तथा आंगनबाड़ी सह क्रैच केंद रबौन के पर्यवेक्षक वृत्त सोलन ग्रामीण में क्रेच कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं के 1-1 पद भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ता को इन पदों के लिए 30 मार्च सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। क्रेच कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं व क्रेच सहायिकाओं के लिए उम्मीदवार की दसवीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों के लिए उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में उम्मीदवार को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार द्वारा जारी एवं प्रतिहस्ताक्षरित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आयु, उच्च शैक्षणिक योग्यता, दिव्यांग, विधवा, स्टेट होम अथवा बालिका आश्रम की प्रवासिनी, तलाकशुदा, जिनके पति पिछले 7 वर्षों से लापता हो, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।

# चैत्र नवरात्र : यूरोकिड्स प्री स्कूल कोटलानाला में किया कन्या पूजन



हिमाचल दस्तक ▮ सोलन

**यूरोकिड्स** प्री स्कूल कोटलानाला ने नवरात्र के चलते कन्या पूजन का आयोजन किया। स्कूल के सभी बच्चों के लिए भारतीय संस्कृति के मद्देनजर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसलिए सभी बच्चों को माता की चुन्नी एवं तिलक लगाया गया, जिससे बच्चे बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। स्कूल के डायरेक्टर शोभित बहल ने बताया कि नवरात्र के चलते यह आयोजन किया गया ताकि बच्चों को अपने देश की, अपनी संस्कृति व त्योहारों की जानकारी मिल सके। इस तरह के आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ता है। स्कूल की प्रिंसिपल सीमा बहल ने स्कूल के सभी बच्चों को गुजरात के प्रसिद्ध 'डांडिया नृत्य' की जानकारी दी। वर्तिका, तेंजीन, मिताक्षी, नम्या, दिविशा, अवयुक्त, माधव, तन्मय, विवान, वैभवी, नोआ, अयांश, रौनक, मेहर, शिवाय, भारवी, सिद्धिक्षा, उद्वेक्षा, पेमा, आराध्य, युगांक, सुयश, गुरमीत आदि सभी बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### एलआर इंस्टिट्यूट के होनहारों ने एचपीटीयू परीक्षा में बिखेरी प्रतिभा की चमक

**सोलन।** एलआर इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी सोलन के बी. फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। घोषित परिणामों के अनुसार प्रिया ने 9.50 एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं छठे स्थान पर आर्यन, दिपाली और नंदिनी ने 9.17 एसजीपीए प्राप्त किए। आठवें स्थान पर आरश, अजय और इशिता कश्यप ने 9.0 एसजीपीए हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसी क्रम में नौवें स्थान पर खुशी, निशांत ठाकुर, अमीषा और अमित ने 8.92 एसजीपीए प्राप्त किए। दसवें स्थान पर हिमांशी, कंचन, प्रांजल, राजन, रितिका शर्मा, रुचिका दिल्ता, समृद्धि, स्मृति और श्वेता ने 8.83 एसजीपीए प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर संस्थान के प्रबंध निदेशक शचि सिंह, अकादमिक निदेशक डॉ. पीपी शर्मा तथा प्राचार्य डॉ. अवनीत गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय की टीम ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता



हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बरोटीवाला

**यूपीईएस** देहरादून की ओर से आयोजित ओजस 3.0 खेल प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय की वॉलीबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में 16 विश्वविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय की टीम ने डीआईटी विश्वविद्यालय देहरादून की टीम को सीधे सेटों में 2-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने बेहतरीन समन्वय, अनुशासन और खेल कौशल का परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रो-चांसलर प्रो. डॉ. आरके गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। वाइस चांसलर डॉ. प्रदीप सिंह वालिया ने कहा कि टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है और यह सफलता निरंतर अभ्यास का प्रतिफल है। चांसलर नामित सुरेश गुप्ता ने कहा कि यह जीत पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. पंकज नागलिया ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां छात्रों को आगे बढ़ने और नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए प्रेरित करती हैं। स्पोर्ट्स ऑफिसर नितिन मेहता ने टीम की सराहना की।



### विनायक पब्लिक स्कूल में रामनवमी की धूम

*सोलन। रामनवमी के पावन अवसर पर विनायक पब्लिक स्कूल, ओच्छघाट (सोलन) में उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्शों— सत्य, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरित करना रहा। विशेष रूप से यूकेजी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति को खूब सराहना मिली। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर एक अच्छा इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए।* ▮ *हिमाचल दस्तक*

## आज मनाई जाएगी अष्टमी, कंजक पूजन होगा

# सातवें नवरात्र पर हुई मां कालरात्रि की पूजा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बीबीएन



**चैत्र** नवरात्र के सातवें दिन क्षेत्र के मंदिरों में खूब भीड़ उमड़ी और भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना की। बुधवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की लोगों ने पूजा-अर्चना की और मंदिरों में शीश नवाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ रही और सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के साथ ही उपवास भी रखे हैं। नालागढ़ शहर के वार्ड-9 स्थित मां दुर्गा माता मंदिर, बाबा भारती मंदिर, चुहूवाल मंदिर, गबला कुआं, तालाब वाला मंदिर, शीतला माता मंदिर, काली माता मंदिर, भल्लेश्वर मंदिर, तारा देवी माता मंदिर आदि में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ नजर आई। नालागढ़ शहर के वार्ड-9 स्थित दुर्गा माता मंदिर में सबसे अधिक भीड़ रहती है। लोग यहां सुबह से लेकर देर रात तक शीश नवाने आते हैं और पूजा अर्चना करने के बाद मां का आशीर्वाद प्राप्त कर घरों को लौटते हैं। शक्ति का सातवां स्वरूप कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक, कांटों के आभूषण हैं और रंग काला है, लेकिन सदैव शुभ फल देने वाली ही है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश, ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली है। आसुरी शक्तियों का संहार करने के लिए कालरात्रि का पूजन किया जाता है। इसके बाद आठवें दिन महागौरी व नौवें दिन सिद्धिदात्री मां की पूजा-अर्चना की जाती है। प्रेम ज्योतिष संस्थान नालागढ़ के पंडित प्रेम शर्मा ने कहा कि नवरात्र पर्व पर मां दुर्गा के चरणों में सारे दुख दर्द समर्पित करने चाहिएं और मां की अराधना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में कंजक पूजन और व्रत उपवास पूरी तरह से विधिविधान के साथ करने चाहिएं।

# जनसमस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध: कृषि मंत्री

## झज्जर परिवेदना समिति की बैठक में 18 में से 17 शिकायतों का मौके पर निपटारा

एजेंसी ▮ झज्जर

**झज्जर** जिला मुख्यालय स्थित संवाद भवन में बुधवार को जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। बैठक के दौरान कुल 18 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 17 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि एक मामले पर संबंधित विभाग को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में जनसेवा ही सुशासन के मूल मंत्र को अपनाते हुए कार्य कर रही है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को उसकी समस्या




का समाधान पारदर्शी, त्वरित एवं संतोषजनक ढंग से मिले। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि परिवेदना समिति की बैठकें प्रशासनिक जवाबदेही को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब सहन नहीं किया जाएगा। प्रत्येक शिकायत की जांच निष्पक्षता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ की जाए तथा शिकायतकर्ता को हर स्तर पर जानकारी दी जाए, ताकि उसे न्याय का पूर्ण भरोसा मिल सके। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकारी योजनाओं और सेवाओं की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब उसका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समय पर पहुंचे।

### सीएम सैनी के दौरे से पहले उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा



**सोनीपत।** गोहाना विधानसभा क्षेत्र में 29 मार्च को प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दौरे को लेकर लघु सचिवालय में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त नेहा सिंह ने की। बैठक में स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, सिंचाई सहित अन्य विभागों से संबंधित उन परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनका लोकार्पण और शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिलान्यास वाली परियोजनाओं की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर मुख्यालय से स्वीकृति लेना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर लोकार्पण होना है, वहां आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं।

# जीएनडीयू के छात्रों ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शानदार प्रदर्शन कर नाम किया रोशन

## चेन्नई में आयोजित कार्यक्रम में 145 विश्वविद्यालयों से 2500 से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा



साहिब दयाल ▮ अमृतसर

**गुरु** नानक देव यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी बेहतरीन पहचान दर्ज कराई है। कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व और गहन मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी के छात्र कलाकारों ने 39वें अंतर-विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 में सराहनीय प्रदर्शन करके गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया। चेन्नई में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर के 145 विश्वविद्यालयों से 2500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, लेकिन गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी कला और कड़ी मेहनत से कई श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किए। डॉ. अमनदीप सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी ने शास्त्रीय संगीत (ताल वाद्य), पश्चिमी एकल गायन, पश्चिमी समूह गीत और मूक अभिनय में प्रथम स्थान प्राप्त करके अपनी काबिलियत साबित की। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के छात्र कलाकारों ने लोकनृत्य, अंग्रेजी भाषण, पश्चिमी संगीत (एकल) और मिमिक्री में दूसरा स्थान, शास्त्रीय नृत्य में तीसरा स्थान और लघु नाटिका में चौथा स्थान प्राप्त करके सफलता की एक नई गाथा लिखी। उन्होंने बताया कि 45 सदस्यों ने 12 प्रतियोगिताओं में भाग लिया और हर मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर, कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने विजेता छात्रों को सम्मानित किया। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के डीन छात्र मामले प्रो. एचएस सैनी, रजिस्ट्रार प्रो. केएस चहल और छात्र कल्याण प्रो. सतनाम सिंह देओल ने विजेता छात्रों को बधाई दी।

## सीवर सफाई नियमों की अनदेखी पर नगर निगम का जेई निलंबित

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने सीवर सफाई की अनदेखी व लापरवाही बरतने के मामले में सख्त कदम उठाते हुए जूनियर इंजीनियर राहुल को तत्काल प्रभाव से बुधवार को निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई सीवर सफाई कार्यों के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों और कानूनों की अनदेखी करने के आरोपों के चलते की गई है। इस मामले में संबंधित कार्यकारी अभियंता व सहायक अभियंता सहित ठेकेदार के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि निगमायुक्त द्वारा पहले ही 29 जनवरी को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत सीवर सफाई के दौरान पीपीई किट का अनिवार्य उपयोग, प्री-एंट्री सुरक्षा मानकों का पालन, गैस डिटेक्शन और वेंटिलेशन की व्यवस्था, इमरजेंसी रिस्पांस और रेस्क्यू प्रोटोकॉल, मशीनों के माध्यम से सफाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना शामिल हैं। इसके बावजूद, सेक्टर-10ए, गुरुग्राम में सीवर सफाई से जुड़ा एक मामला सामने आया, जिसमें इन नियमों का गंभीर उल्लंघन पाया गया। जांच में पाया गया कि जेई राहुल ने सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू नहीं किए। इसके चलते इस मामले में कार्रवाई हुई।

# डीएवी के छात्रों ने ऐतिहासिक किला गोबिंदगढ़ का किया शैक्षणिक भ्रमण




हिमाचल दस्तक ▮ अमृतसर

**डीएवी** कॉलेज अमृतसर के इतिहास विभाग की केएम पानीकर सोसायटी की ओर से ऐतिहासिक किला गोबिंदगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को पंजाब के समृद्ध इतिहास एवं विरासत से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना था। किला गोबिंदगढ़ जो 18वीं शताब्दी में भंगी मिसल के सिख प्रमुखों द्वारा निर्मित किया गया था, बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने इसे अपने अधिकार में लेकर इसका नाम गुरु गोबिंद सिंह के सम्मान में 'गोबिंदगढ़' रखा। यह किला सिख साम्राज्य के इतिहास, वास्तुकला और सैन्य परंपराओं का अद्वितीय उदाहरण है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अमरदीप गुप्ता ने बताया कि छात्रों ने किले के विभिन्न आकर्षणों का अवलोकन किया, जिनमें फ्रांसीसी किलाबंदी शैली से प्रेरित भव्य संरचनाएं, 'तोशाखाना' जहां कभी प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा रखा गया था और 'युद्ध संग्रहालय' (जहां ऐतिहासिक हथियारों एवं वेशभूषा की प्रतिकृतियां प्रदर्शित हैं) शामिल हैं। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. बाबुषा मैंगी ने कहा कि किला गोबिंदगढ़ जैसे ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा से विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से परे जाकर इतिहास को साक्षात अनुभव करने का अवसर मिलता है।

# मानहानि मामला: कंगना की बठिंडा कोर्ट में वीसी से पेशी

एजेंसी ▮ बठिंडा



अगली सुनवाई 7 अप्रैल को

**हिमाचल** प्रदेश के जिला मंडी से सांसद कंगना रणौत के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई बुधवार को बठिंडा अदालत में हुई। कंगना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश हुईं। इस दौरान एक गवाह जसवीर सिंह का बयान दर्ज किया गया। मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को निर्धारित की गई है। वकील रघबीर सिंह बहनीवाल ने बताया कि माता महिंदर कौर मानहानि मामले में उनकी ओर से दो गवाह पेश किए जाने थे। हालांकि, सुरजीत सिंह फूल नामक एक गवाह को सुबह किसी आवश्यक कार्य के लिए जाना पड़ा, जिसके कारण केवल जसवीर सिंह का बयान दर्ज हो सका। यह मामला दिल्ली में कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान शुरू हुआ था। उस समय कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की थी। बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया निवासी महिंदर कौर ने याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि कंगना ने अपनी पोस्ट में कहा था कि 'ऐसी महिलाएं धरने पर 100-100 रुपये लेकर आती हैं', जिससे उनकी मानहानि हुई।

## यमुनानगर में दो जगह लाखों रुपये की चोरी

**यमुनानगर।** यमुनानगर शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने एक ओर दुकान को निशाना बनाया, जबकि दूसरी घटना में निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी कर लिया। दोनों घटनाओं में लाखों का रुपये का नुकसान आंका गया है। पहली घटना आनंद मार्केट क्षेत्र की है। यहां एक चूड़ी की दुकान में शटर काटकर चोरी की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुसकर कई इलेक्ट्रॉनिक और अन्य उपयोगी सामान साथ ले गए। चोरी हुए सामान में एसी यूनिट, एमसीबी, पंखे, सीसीटीवी कैमरे, स्विच और अन्य उपकरण शामिल हैं। दूसरी वारदात शहर के एक निर्माणाधीन मकान में हुई। यहां से बिजली से संबंधित सामग्री और एसी फिटिंग में इस्तेमाल होने वाले उपकरण चोरी किए गए।



## NOTICE INVITING E-TENDERING

The Executive Engineer JSV Division Hamirpur invites following tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e-tendering Process:-

| Sr. No. | Description | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Form | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration of rain damges of LWSS Khagal Bhatwara Town in Tehsil and Distt. Hamirpur (SH:- Replacement of pumping machinery alongwith all allied accessories) | 7,28,000/- | 14560/- | 350/- | 3 Months |
| 2 | Restoration of rain damges of LWSS Hamirpur Town in Tehhsil and Distt. Hamirpur (SH:- Replacement of pumping machinery alongwith all allied accessories at Dhangkawali) | 9,87,500/- | 19,750/- | 350/- | 01 Months |

Last date of filing/ uploading the tender through e- tendering 31.03.2026 up to 11.00 AM The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hptenders.gov.in.

Him Suchna Avam Jan Sampark
Advt. No. 7402/2025-26
Executive Engineer,
JS Division Hamirpur

To be issued for publication Newspapers for e-tendering. The Executive Engineer Jal Shakti Division Salooni invites following e-tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from eligible contractors for the following work through e-tendering process.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Time Limit |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Proiding sewerage scheme to Dalhousie Town in Tehsil Dalhousie Distt. Chamba (SH:-Providing 25 Nos. house Sewer connection to ward no. 6 Kathlag. (Job-2) | 4,90,339/- | 9850/- | Three Month |
| 2 | Proiding sewerage scheme to Dalhousie Town in Tehsil Dalhousie Distt. Chamba (SH:-Providing 25 Nos. house Sewer connection to ward no. 6 Kathlag. (Job-3) | 4,90,339/- | 9850/- | Three Month |
| 3 | Restoration of rain damages to WSS Sher Bhatoli Guniala in GP Osal Tehsil Dalhousie Distt. Chamba Dalhousie Distt. Chamba HP (SH:- C/O storage tank 20000 ltrs cap at Village Luthnu) | 208582/- | 4200/- | Three Month |

Last date of filling/ uploading the tender through online dated 01.04.2026 upto 17:00 Hrs. The Tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website http//hptender.gov.in.

Him Suchna avam Jan Sampark
Advt. No. 7410/2025-26
Sd/- Executive Engineer
JS Division Salooni



## वाघा बॉर्डर खोलने की मांग पर 28 मार्च को रैली का एलान

**अमृतसर।** पाकिस्तान के साथ पंजाब के तरनतारन, अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फिरोजपुर और फाजिल्का जिले की सीमा लगती है। शिरोमणि अकाली दल अमृतसर इस रूट को खोलने की मांग कर रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए शिरोमणि अकाली दल अमृतसर के यूथ नेता रवि शेर सिंह ने बताया कि शिरोमणि अकाली दल अमृतसर जल्द ही अटारी अमृतसर में 'बॉर्डर खोलो' रैली करने जा रहा है। इस पोस्टर में पार्टी अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने उत्तर भारत के किसानों की इनकम बढ़ाने, सब्जी, गैस पाइप लाइन, तेल, सीमेंट ट्रांसपोर्ट मजदूर लेबर और पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शन करने के लिए बाघा बॉर्डर खोलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अमृतसर-लाहौर रूट बंद होने से किसानों को बनते लाभ से वंचित किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर यह रूट खुल जाता है तो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति बदल सकती है। पार्टी अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने लोगों को इकट्ठा करने के लिए 28 मार्च को अटारी-वाघा बॉर्डर पर एक बड़ी 'बॉर्डर खोलो' रैली की घोषणा की है।




# सोशल मीडिया पर जाल में फंसाकर यूके भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**सोनीपत।** सोनीपत में विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मोहाली स्थित वीजा कंसल्टेंसी के संचालक व कर्मचारियों ने उसके बेटे को यूके भेजने का झांसा देकर 10 लाख 48 हजार 701 रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने न वीजा लगवाया गया और न ही राशि वापस की। पीड़ित जयदीप ने बताया कि मई 2025 में उसके बेटे शिवा को सोशल मीडिया के माध्यम से न्यू होराइजन वीजा कंसल्टेंसी की जानकारी मिली। कंपनी ने यूके वीजा दिलाने का भरोसा दिया। कर्मचारी सुमन ने कुल खर्च 16 लाख रुपये बताया और शुरुआत में 4 लाख रुपये जमा कराने को कहा। फाइल शुरू करने के नाम पर 11 हजार 800 रुपये लिए गए। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में 20 हजार रुपये यूपीआई से तीन लाख 80 हजार रुपये नकद तथा चार लाख 48 हजार रुपये का चेक जमा कराया गया। साथ ही एंबेसी फीस, इंटरव्यू व बायोमीट्रिक के नाम पर भी राशि वसूली गई। 22 अगस्त 2025 को बेटे को चंडीगढ़ बायोमीट्रिक के लिए बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर बताया गया कि अपॉइंटमेंट रद हो गई है। एक सप्ताह में नई तारीख देने का आश्वासन दिया गया, जो पूरा नहीं हुआ। कई बार संपर्क करने पर भी कर्मचारियों ने टालमटोल की और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीड़ित ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी। जांच के बाद थाना मुरथल में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की गहन जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।






## PRESS NOTICE TO BE PUBLISHED IN NEWS PAPERS FOR E-TENDERING

The Executive Engineer Jal Shakti Division Rampur invited tenders on behalf of the Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works(s) through e-tendering process:-

| Sr. No. | Name of work | Estd. Cost | Earnest Money | Cost of Form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/O Raja Virbhadra Singh Ghat and Rejuvenation of Bawari at Shani Mandir near Gandhi park in Tehsil Rampur Distt. Shimla (HP) (SH:- Development , Beautification and Eco friendly Plantation works at Raja Virbhadra Singh Ghat) | Rs. 1359321/- | Rs. 27186.00 | Rs. 500 | Three months |

Last date of filing/uploading the tender through e-tendering 30.03.2026 upto 5.00 PM and the same will be opened on 31.03.2026 at 10.00 AM. The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hptenders.gov.in

Him Suchna Avam Jan Sampark
